इसे वेबसाइट **www.govtpress.nic.in**
से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 453] भोपाल, गुरुवार, दिनांक 18 अगस्त 2022—श्रावण 27, शक 1944

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 18 अगस्त 2022

क्रमांक- F-1-5/2021/साठ मंत्रि परिषद दिनांक 02.08.2022 को सम्पन्न बैठक में प्रदेश में पूर्व मे जारी सौर ऊर्जा परियोजना नीति-2012, पवन ऊर्जा परियोजना नीति-2012, बायोमास आधारित विदयुत परियोजना क्रियान्वयन नीति 2012, तथा लघु जल विधुत आधारित परियोजना क्रियान्वयन नीति-2012 के स्थान पर नवीन **"मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा नीति-2022"** को लागू किये जाने हेतु अनुमोदित किया गया है। सर्व साधारण की जानकारी के लिए उक्त का प्रकाशन "मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण)" में किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संजय दुबे, प्रमुख सचिव.

मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा नीति–2022
नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्यप्रदेश शासन

विषय सूची

1. प्रस्तावना
2. नीति की परिकल्पना एवं उद्देश्य
3. शीर्षक तथा नीति का कार्यकाल
4. नीति लक्ष्य
5. क्रियान्वयन रणनीति
6. नीति की प्रयोज्यता एवं निषेध
7. नवकरणीय ऊर्जा विकासकों हेतु प्रोत्साहन
8. नवकरणीय ऊर्जा संबधी उपकरण विनिर्माताओं हेतु प्रोत्साहन
9. ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन
10. नवकरणीय ऊर्जा आधारित ऊर्जा भंडारण हेतु अतिरिक्त प्रोत्साहन
11. ग्रीन रूपान्तरण हेतु प्रोत्साहन
12. कौशल विकास, अनुसंधान एवं विकास हेतु पहल
13. जन जागरूकता
14. नीति का संचालन
15. मध्यप्रदेश स्वच्छ ऊर्जा कोष
16. भारत सरकार की नीतियों एवं योजनाओं के साथ समन्वय
17. विनियम
18. कठिनाइयां दूर करने का अधिकार
19. व्याख्या का अधिकार
20. निरसन एवं व्याकृत्तिया (विलोपन एवं संरक्षण)

1. <u>प्रस्तावना</u>

वैश्विक औसत तापमान में हो रही निरंतर वृद्धि विश्व भर में नीति निर्माताओं तथा वैश्विक नेतृत्व हेतु गहनसोच का विषय है। कान्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (कॉप-21) के इक्कीसवें सम्मेलन में 196 दलों द्वारा 12 दिसंबर 2015 को पेरिस में जलवायु परिर्वतन के लिए अन्तर्राष्ट्रीय संधि पर हस्ताक्षर किये गये। पेरिस समझौते का मुख्य उद्देश्य वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से आसन्न संकट का समस्त हस्ताक्षरकर्ता राष्ट्रों के संयुक्त प्रयास से हल निकालना है।, जिससे इक्कीसवी शताब्दी में तापमान वृद्धि को पूर्व-औद्योगिक स्तर की तुलना में अधिकतम 1.5 से 2.0 डिग्री सेल्सियस तक सीमित किया जा सके। भारत, कॉप-21 सम्मलेन के हस्ताक्षरकर्ता होने के कारणभविष्य में कार्बन वृद्धि को कम करने तथा हो रहे जलवायु परिवर्तन का नियंत्रण के प्रयासों हेतु प्रतिबद्ध है।

1.1. भारत में वर्ष 2030 तक वर्ष 2012 की तुलना में ऊर्जा की मांग में तिगुनी वृद्धि अपेक्षित है। देश में इस बढती विद्युत मांग के लिए समग्र विद्युत उत्पादन में नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोत आधारित के विद्युत के अंशदान में वृद्धि हेतु एक आक्रामक रणनीति तैयार की गई है, भारत ने नवंबर 2021 में ग्लासगो में आयोजित COP26 शिखर सम्मेलन में 2030 तक 500 गीगावाट नवकरणीय ऊर्जा क्षमता को विकसित करने, अपनी कुल ऊर्जा आवश्यक्ता की 50% ऊर्जा आवश्यकता नवकरणीय ऊर्जा के माध्यम से प्राप्त करने तथा 2070 तक 'नेट जीरो" कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने की घोषणा की है। ।

1.2. इसके अतिरिक्त, भारत ऊर्जा तथा अन्य ईंधन स्रोतों के अन्य क्षेत्रों में उपयोग (Cross Sector Convergence) हेतु भी प्रयासरत है। संपूर्ण विश्व के साथ-साथ भारत में भी विद्युत वाहन (Electric vehicle) के उपयोग में वृद्धि हो रही है। भारत के अनेक राज्यों द्वारा जिनमें मध्यप्रदेश भी शामिल है, स्वच्छ तथा ग्रीन परिवहन व्यवस्था के संवर्धन हेतु भविष्य में उपयोगी विद्युत वाहन नीतियों का सृजन किया गया है। यदि विद्युत वाहनों को अपनाया जाए, तो जलवायु परिवर्तन संबंधी समस्याओं के निवारण में सहायता मिलेगी, परंतु इसके लिए यह आवश्यक होगा कि इन्हें स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों के उपयोग द्वारा उपलब्ध विद्युत से चार्ज किया जाए। सिंचाई क्षेत्र जो आज तक डीजल आधारित विद्युत पर निर्भर है, को पर्यावरण संरक्षण हेतु या तो सीधे सौर ऊर्जा के

माध्यम से संचालित किया जाए या फिर वृहद् स्तर पर ग्रिड का सौर ऊर्जाकरण किया जाए। इस प्रकार विश्व के संरक्षण में नवकरणीय ऊर्जा का प्रमुख योगदान है।

1.3. मध्यप्रदेश जलवायु परिवर्तन तथा दीर्घकालीन ऊर्जा सुरक्षा के वर्तमान तथा संभावित प्रभावों को स्वीकार करता है तथा जलवायु परिवर्तन के ऐसे कारकों को कम करने का का प्रयास करता है, जिससे इसके प्रभावों को न्यूनतम किया जा सके। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक एकीकृत नीति तथा कार्यक्रम की आवश्यकता है तथा प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा संसाधनों के माध्यम से पर्यावरण अभिमुख तथा ग्रीन विद्युत उत्पादन के संवर्धन को प्रोत्साहित करने के प्रति राज्य शासन प्रतिबद्ध है।

1.4. मध्य प्रदेश (राज्य) में नैसर्गिक रूप से नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोत प्रचुरता से उपलब्ध है। जिनसे बडी मात्रा में नवकरणीय ऊर्जा का उत्पादन सम्भावित है। भारत सरकार, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, के अनुसार राज्य की सौर ऊर्जा क्षमता ~62 गीगावॉट, पवन ऊर्जा क्षमता ~11 गीगावॉट, बायोमास क्षमता ~4 गीगावॉट तथा लघु जल विद्युत क्षमता ~820 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन संभावित है, उक्त के दृष्टिगत राज्य में, नवकरणीय ऊर्जा के विकास हेतु आवश्यक प्राकृतिक संसाधन प्रचुरता से उपलब्ध है, अतएव मध्य प्रदेश इस नीति के माध्यम से राज्य की संपूर्ण नवकरणीय ऊर्जा क्षमता के उपयोग हेतु एक समग्र अनुकूल परिवेश विकसित करने की योजना प्रस्तुत कर रहा है।

2. नीति की परिकल्पना एवं उद्देश्य

आने वाले समय में समय में ऊर्जा क्षेत्र में, नवकरणीय ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। नवकरणीय ऊर्जा द्वारा ना केवल स्वच्छ ऊर्जा की उत्पत्ति की जाएगी, वरन् इससे नवीन पूंजी निवेश, विनिर्माण गतिविधियों, रोजगार, नवाचारों तथा आनुषांगिक अन्य गतिविधियों को भी विकसित होने का अवसर मिलेगा। इस नीति के निम्न प्रमुख उद्देश्य हैं;

2.1. राज्य को नवकरणीय ऊर्जा केन्द्र (हब) के रूप में विकसित करना जिसका केन्द्र बिन्दु नवकरणीय ऊर्जा उपकरण तथा अन्य आवश्यक सामग्री का विनिर्माण क्षेत्र होगा।

(क) राज्य में नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र में पूंजी निवेश को बढावा देना।

(ख) राज्य को एक नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण केन्द्र[1] (हब) के रूप में स्थापित करने हेतु समुचित मात्रा में प्रोत्साहन प्रदान करना।

(ग) नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र, मरम्मत तथा सुधार कार्य आदि हेतु उपयुक्त व्यावसायिक पाठयक्रमों को प्रारंभ कर युवाओं का कौशल विकास करना।

(घ) नवकरणीय ऊर्जा विनिर्माण के लिए नवीन रोजगार के अवसरों के सृजन करना।

2.2. राज्य में नवकरणीय ऊर्जा के वृहद् स्तर पर स्वीकार्यता तथा उपयोग को बढावा देना।

(क) राज्य नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र मे पूंजी निवेश हेतु अनुकूल वातावरण का सृजन करना।

(ख) वर्ष 2030 तक कुल ऊर्जा का 50% प्रतिशत अंश नवकरणीय के माध्यम से आपूर्ति किये जाने का प्रयास करना तथा यह सुनिश्चित करना कि निर्धारित वार्षिक नवकरणीय ऊर्जा क्रय आबद्धता लक्ष्य (RPO targets) प्राप्त किये जाए।

(ग) नवकरणीय ऊर्जा की अल्प उपलब्धता वाले अन्य राज्यों को ,प्रदेश में स्थापित परियोजानाओं से नवकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति करना।

(घ) वर्ष 2024, 2027 तथा 2030 तक राज्य स्तरीय शासकीय विभागों को नवकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने हेतु क्रमश: 20%, 50% तथा शतप्रतिशत रूपांतरित करने का चरणबद्ध प्रयास करना। जिसके अनुसार नेट ज़ीरो कार्बन फुट्प्रिंट प्राप्त किया जा सके।

(ङ) वर्ष 2030 तक आदर्श (मॉडल) नवकरणीय ऊर्जा शहरों तथा ग्रीन परिक्षेत्रों को विकसित करने के लिए नवकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को नेट ज़ीरो कार्बन आधार पर नियोजित करना।

(च) वर्ष 2024, 2027, 2030 तक समस्त धरोहर शहरों को क्रमश: 20% 50% तथा शतप्रतिशत ग्रीन शहरों के रूप में विकसित करने के प्रयास करना; तथा

(छ) नवकरणीय ऊर्जा परिक्षेत्रों की स्थापना द्वारा नवकरणीय ऊर्जा के का संवर्धन करना।

---

[1] राज्य सिलिकॉन सिल्लियों और वेफर्स, सौर सेल और मॉड्यूल, फ्लोटर्स, पवन उपकरण, सौर तापीय उपकरण, छोटे जल संयंत्रों के लिए प्रमुख घटक, बैटरी, पंप भंडारण संयंत्रों के लिए टर्बाइन और इलेक्ट्रोलाइज़र जैसे उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा देगा

2.3 नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में रूपांकन, विकास तथा संचालन आदि में नवीन प्रौद्योगिकियों तथा नवकरणीय ऊर्जा प्राप्ति के उपायों/ नवाचारों का उपयोग, हाइब्रिड, ऊर्जा स्टोरेज आदि, में कर, प्रतियोगी दरों पर विदयुत उपलब्ध कराना।

(क) राज्य में ई-मोबिलिटी के क्षेत्र में नवकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढावा देना। इस हेतु ई-वाहन/यातायात के अन्य संसाधन तथा नवकरणीय ऊर्जा के बीच उचित समन्वय स्थापित किया जाएगा।

(ख) Ancillary Services का उपयोग कर ग्रिड को नवकरणीय ऊर्जा हेतु और अधिक स्थिर बनाना।

(ग) राज्य को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों हेतु "नवाचार तथा मार्गदर्शक" के रूप में स्थापित करना। राज्य की प्रमुख शैक्षणिक संस्थाओं तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के साथ सहयोग कर नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अनुसंधान तथा विकास को प्रोत्साहित करना।

3. शीर्षक तथा नीति का कार्यकाल

3.1 यह नीति "***मध्य प्रदेश नवकरणीय ऊर्जा नीति - 2022***" कहलाएगी।

3.2 यह नीति मध्य प्रदेश राज्य के राजपत्र में इसकी अधिसूचना तिथि से पांच (5) वर्षों की अवधि के लिए या राज्य सरकार द्वारा नवीन नीति को अधिसूचित किये जाने की अवधि तक प्रभाव में रहेगी।

3.3 मध्य प्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्यप्रदेश शासन आवश्यकतानुसार इस नीति को संशोधित या परिवर्तन/समीक्षा कर सकेगा।

3.4 कार्यालय आयुक्त - नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, इस नीति के क्रियान्वयन हेतु नोडल एजेंसी होगा।

4. नीति लक्ष्य

4.1 राज्य में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र में वर्ष 2024 तक रु. 15,000 करोड़ का निवेश तथा वर्ष 2027 तक रु. 50,000 करोड़ का पूंजी निवेश आकर्षित करना।

4.2 नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र में वर्ष 2024 तक रु. 4000 करोड़ तथा वर्ष 2027 तक रु. 10,000 करोड़ का पूंजी निवेश हेतु प्रयास करना ।

4.3 राज्य की कुल ऊर्जा खपत में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा का अंश वित्तीय वर्ष 2024 तक बीस प्रतिशत (20%), व वित्तीय वर्ष 2027 तक तीस प्रतिशत (30%) तथा वित्तीय वर्ष 2030 तक पचास प्रतिशत (50%) करना।

(क) भारत सरकार/मध्यप्रदेश शासन की नीतियों के अंतर्गत वर्ष 2027 तक दस हजार (10,000) मेगावाट नवकरणीय ऊर्जा तकनीक आधारित नवकरणीय ऊर्जा/ नवकरणीय ऊर्जा हाइब्रिड पार्क का विकास करना।

(ख) वित्तीय वर्ष 2024 तक राज्य के बाहर ऊर्जा के निर्यात हेतु चार हजार (4,000) मेगावाट तथा वित्तीय वर्ष 2027 तक दस हजार (10,000) मेगावाट क्षमता की नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करना।

4.4 वर्ष 2024 तक नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 10,000 तथा वर्ष 2030 तक 50,000 नवीन नौकरियों का सृजन करना।

5. क्रियान्वयन रणनीति

5.1 प्रदेश में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में उपकरणों तथा अन्य आवश्यक कल पुर्जों के विनिर्माण हेतु प्रोत्साहन (Incentive) उपलब्ध कराए जाएंगे। इन प्रोत्साहन (Incentive) के रूप में रियायती दर पर शासकीय भूमि, राज्यानुदानो (सब्सिडी), शुल्क (ड्यूटी) में छूट आदि को प्रदान किया जाएगा।

5.2 मध्य प्रदेश राज्य में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास हेतु प्रोत्साहन (Incentive) उपलब्ध कराऐ जाएंगे। इन प्रोत्साहनों में शुल्क (ड्यूटी) तथा उपकर (सेस) छूट, व्हीलिंग दरों (Wheeling charges) में छूट, रियायती दर पर शासकीय भूमि उपलब्ध कराना आदि समाहित होंगे।

5.3 नवकरणीय विद्युत ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु ग्रीन परिक्षेत्रों, आदर्श ग्रीन शहरों, आदर्श ग्रीन धरोहर शहरों के साथ -साथ ग्रीन शासकीय भवनों (ग्रीन कार्यालय) आदि का विकास भीकिया जाएगा।

5.4 राज्य में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, पॉलिटेक्निक तथा अभियान्त्रिकी संस्थाओं एवं कौशल विकास केंद्रों में नवकरणीय ऊर्जा उद्योग को कुशल तथा अर्धकुशल कार्यशक्ति प्रदान करने हेतु नवकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी आधारित पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे।

6. नीति की प्रयोज्यता एवं निषेध

6.1 समस्त नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी आधारित परियोजनाओं (केवल ऐसी परियोजनाओं को छोड़कर जिन्हें इस नीति में सम्मिलित नहीं किया गया हो), को इस नीति के अंतर्गत उल्लेखित लाभों की पात्रता होगी। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी आधारित ऊर्जा परियोजनाओं का अर्थ इस नीति के अनुलग्नक-1 में प्रदान किये अनुसार होगा;

6.2 समस्त नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी आधारित ऊर्जा परियोजनाएं, इस नीति के अंतर्गत उपलब्ध प्रोत्साहनों (Incentives) की पात्र होगीं;

6.3 इस नीति के अंतर्गत उल्लेखित प्रोत्साहन (Incentive) तथा अन्य नीतिगत लाभ प्राप्त करने हेतु परियोजनाओं का नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग में पंजीकरण अनिवार्य होगा;

6.4 जब तक इस नीति में पृथक से निर्देशित ना किया गया हो, इस नीति के प्रभावी रहने तक नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को समस्त नीतिगत प्रोत्साहन एवं लाभ उपलब्ध रहेंगे;

6.5 यह नीति 500 किलोवाट क्षमता या उससे अधिक क्षमता के समस्त नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा तकनीक आधारित ऊर्जा परियोजनाओं हेतु लागू होगी;

6.6 यह नीति विकेंद्रीकृत नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा प्रणालियों आधारित परियोजनायें, जिनके लिये पृथक नीति प्रचलित है, पर लागू नहीं होगी। जिनके परिसर में 2 मेगावाट

क्षमता तक की आफग्रिड या ग्रिड संयोजित नवकरणीय ऊर्जा सन्यंत्र स्थापित किया गया हो, ऐसे लाभार्थियों के लिए, दो नीतियों के अंतर्गत किसी विसंगति अथवा पुर्नलेखन के प्रकरण में विकेंद्रित नवकरणीय ऊर्जा प्रणालियां 2016 की नीति प्रचलित होगी ।

7. नवकरणीय ऊर्जा विकासकों हेतु प्रोत्साहन

7.1 इस नीति के अधीन पंजीकृत समस्त नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन परियोजनाओं को मध्य प्रदेश नवकरणीय ऊर्जा नीति 2022 यथा संशोधित, के अधीन समस्त लाभों/ इंसेटिव प्राप्त करने की पात्रता होगी। तथापि, मध्य प्रदेश शासन की किसी अन्य नीति के तहत पंजीकृत कोई भी परियोजना, विभिन्न नीतियों के तहत प्रोत्साहन/लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र नहीं होगी।

स्पष्टीकरण: *इस नीति के तहत पंजीकृत परियोजना यदि मध्य प्रदेश शासन की अन्य नीति 'X' के तहत भी पंजीकृत है तो उस परियोजना को या तो इस नीति के तहत उपलब्ध सभी लागू प्रोत्साहनों या अन्य नीति 'X' के तहत उपलब्ध सभी लागू प्रोत्साहनों का लाभ प्राप्त होगा। मध्य प्रदेश शासन की विभिन्न नीतियों के तहत उपलब्ध प्रोत्साहनों/लाभों को चयनात्मक रूप से विभिन्न नीतियों से लेने की अनुमति नहीं होगी*

7.2 इस नीति के अधीन पंजीकृत परियोजनाओं के लिए निम्न प्रोत्साहन उपलब्ध रहेंगे:

(क) विद्युत शुल्क तथा ऊर्जा विकास उपकर में छूट:

(एक) मध्य प्रदेश विद्युत शुल्क अधिनियम, 2012 के प्रावधानों के अनुसार, परियोजनाओं को उनके व्यावसायिक उत्पादन की तिथि (COD) से दस (10 वर्षों), तकउत्पादित विद्युत ऊर्जा पर विद्युत शुल्क के भुगतान पर शत प्रतिशत छूट प्राप्त करने की पात्रता होगी।

(दो) नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं द्वारा प्रदाय की गई विद्युत पर उनके व्यावसायिक उत्पादन तिथि से 10 वर्षों की अवधि तक ऊर्जा विकास उपकर (सेस) में छूट प्राप्त होगी;

(ख) स्टाम्प ड्यूटी की प्रतिपूर्ति

(एक) परियोजना हेतु निजी भूमि के क्रय पर विकासक को स्टांप शुल्क पर 50% प्रतिशत की प्रतिपूर्ति उपलब्ध रहेगी।

(ग) <u>रियायती दर पर शासकीय भूमि:</u>

(एक) विकासकों को शासकीय भूमि, उपलबधता की दशा में, शासकीय भूमि सर्किल दर से 50% की रियायती दर पर उपलब्ध कराई जाएगी।

(घ) <u>व्हीलिंग प्रभार में छूट:</u>

(एक) समस्त नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को मध्य प्रदेश विद्युत नियामक द्वारा निर्धारित किए अनुसार, एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड/ मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनियों के माध्यम से व्हीलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस श्रेणी की परियोजनाओं को मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा समय-समय पर लागू व्हीलिंग प्रभार में 50% की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट परियोजना के व्यावसायिक उत्पादन की तिथि से 5 वर्षों तकलागू होगी।

(ङ) कार्बन क्रेडिट या किसी अन्य प्रकार के प्रोत्साहन का लाभ विकासक द्वारा समय-समय पर सक्षम प्राधिकृत कार्यालय/संस्था व्दारा जारी दिशा-निर्देशों अथवा डेवलपर्स और विद्युत् क्रेता / उपयोगकर्ता के बीच हुए अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार के अनुसार प्राप्त किया जा सकेगा ।

7.3 इस नीति में अंतर्विष्ट किसी भी प्रावधान के होते हुए भी, मध्य प्रदेश राज्य के अंदर या बाहर बिजली बेचने वाली नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन परियोजना पर निम्नलिखित अपवाद लागू होंगे –

(क) मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (एमपीपीएमसीएल) के अलावा अन्य इकाई को विक्रित की जाने वाली बिजली पर 0.10 रुपये (दस पैसे) प्रति यूनिट की हरित ऊर्जा विकास शुल्क लगाया जायेगा। (स्पष्टीकरण के लिए: यदि कुल 100 यूनिट विद्युत उत्पन्न होती हैं और जिनमें से 20 यूनिट एमपीपीएमसीएल के अलावा अन्य इकाइयों को बेची जाती हैं, तो हरित ऊर्जा विकास शुल्क 20 यूनिट पर लगाया जायेगा);

(ख) केप्टिव उपयोग के मामले में, केप्टिव पावर प्लांट द्वारा उत्पादित संपूर्ण बिजली इकाइयों पर 0.10 रुपये/यूनिट (दस पैसे) की हरित ऊर्जा विकास शुल्क लगाया जायेगा (स्पष्टीकरण के लिए: यदि कैप्टिव नवकरणीय ऊर्जा संयंत्र द्वारा कुल 100

यूनिट विद्युत उत्पन्न की जाती हैं, तो हरित ऊर्जा विकास फीस पूरे 100 यूनिट पर लगाया जायेगा) किन्तु राज्य शासन के विभाग/ संस्था/उपक्रम/ स्थानीय निकाय को स्वयं के संपूर्ण उपयोग हेतु (100% कैप्टिव) नवकरणीय ऊर्जा परियोजना लगाए जाने पर केवल हरित ऊर्जा विकास शुल्क में छूट दी जाएगी;

(ग) केवल मध्य प्रदेश राज्य शासन के विभाग/ संस्था/उपक्रम/ स्थानीय निकाय को स्वयं के संपूर्ण उपयोग हेतु (100% कैप्टिव) नवकरणीय ऊर्जा परियोजना लगाए जाने के अलावा किसी अन्य को तृतीय-पक्ष बिक्री/केप्टिव उपयोग के लिए लगाई गई नवकरणीय ऊर्जा परियोजना को शासकीय भूमि प्रदान नहीं की जाएगी।

7.4 प्रदर्शन परियोजनाएं/पायलट परियोजनाएं (जैसे सीएनजी, ग्रीन हाइड्रोजन, इंडक्शन आधारित प्रौद्योगिकी आदि) जो या तो बिजली के उत्पादन के लिए अभिनव नवकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकी का उपयोग करती हैं या किसी अन्य प्रकार की ऊर्जा जिनकी वाणिज्यिक उपयोगिता है, इस नीति के तहत प्रोत्साहन प्राप्त करने के लिए पात्र होंगी। प्रोत्साहनों को प्रकरण अनुसार अनुमति दी जाएगी।

8. नवकरणीय ऊर्जा संबधी उपकरण विनिर्माताओं हेतु प्रोत्साहन:

8.1 मध्यप्रदेश शासन नवकरणीय ऊर्जा उपकरण के नवाचार तथा विनिर्माण को प्रोत्साहित करेगा। प्रोत्साहन निवेश के आकार (investment size) के आधार पर सभी विनिर्माताओं के लिए उपलब्ध होंगे । नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के डिजाइन और विकास को आगे बढ़ाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से सूचना प्रौद्योगिकी तक नई तकनीकों का उपयोग करने वाले, स्टार्ट-अप, बहुराष्ट्रीय कंपनियों, घटक डिजाइनर तथा सिस्टम डेवलपर्स आदि सभी को नीति में उपलब्ध प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। हरित निर्माण की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए, नवकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माताओं को विनिर्माण गतिविधियों के लिए नवकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

8.2 नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण को 'उद्योग' का दर्जा प्रदान किया जाएगा।

8.3 31 मार्च 2027 तक या उससे पूर्व क्रियाशील किये गये नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण इकाईयों को निम्नलिखित लाभ प्राप्त करने की पात्रता होगी।

निवेश < 50 करोड़ रुपये	निवेश => 50 करोड़ रुपये

उद्योग / एमएसएमई विभाग की संबंधित नीति के अधीन सामान्य लाभों/ इंसेटिव प्राप्त करने की पात्रता होगी	औद्योगिक प्रोत्साहन नीति के तहत नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र के लिए निर्धारित विशेष प्रोत्साहन प्राप्त करने की पात्रता होगी *टीप: नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहनों को सूचीबद्ध करते हुए औद्योगिक प्रोत्साहन नीति में एक अलग खंड तैयार किया जाएगा।*

9. ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन

9.1 भारत में लगभग 6 मिलियन टन हाइड्रोजन उत्पादन की क्षमता है, जो बड़े पैमाने पर मीथेन (CH4) से रिफोर्मशन (reformation) प्रक्रिया में उत्पन्न होती है। उक्त प्रक्रिया, में हाईड्रोजन के साथ कार्बन मोनोऑक्साइड और कार्बन डाइऑक्साइड उप-उत्पादो का उत्पादन भी होता है। वैकल्पिक रूप से, इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया (जो कि एक अत्यधिक ऊर्जा उपयोग आधारितप्रक्रिया है) के माध्यम से इलेक्ट्रोलाइज़र का उपयोग कर पानी से हाइड्रोजन का उत्पादन किया जा सकता है, जो उप-उत्पाद के रूप में ऑक्सीजन का उत्पादन करता है। नवकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बिजली का उपयोग करके इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया से उत्पादित हाइड्रोजन को 'ग्रीन हाइड्रोजन' कहा जाता है।

9.2 "ग्रीन हाइड्रोजन" के उत्पादन तथा इलेक्ट्रोलाइज़र निर्माण को 'उद्योग' का दर्जा प्रदान किया जाएगा।

9.3 31 मार्च 2027 तक या उससे पूर्व क्रियाशील किये गये ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन इकाईयों तथा इलेक्ट्रोलाइज़र निर्माण इकाईयों को निम्नलिखित लाभ प्राप्त करने की पात्रता होगी।

विवरण	**निवेश < 50 करोड़ रुपये**	**निवेश => 50 करोड़ रुपये**
नवकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बिजली का उपयोग कर इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया या किसी अन्य वाणिज्यिक प्रक्रिया द्वारा "ग्रीन हाइड्रोजन" का उत्पादन करने वाली इकाइयां	उद्योग / एमएसएमई विभाग की संबंधित नीति के अधीन सामान्य लाभों/ इंसेटिव प्राप्त करने की पात्रता होगी	औद्योगिक प्रोत्साहन नीति के तहत नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र के लिए निर्धारित विशेष प्रोत्साहन प्राप्त करने की पात्रता होगी

इलेक्ट्रोलाइजर के निर्माण के लिए **नवकरणीय ऊर्जा** स्रोतों से बिजली का उपयोग करने वाली इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण इकाइयां	उद्योग / एमएसएमई विभाग की संबंधित नीति के अधीन सामान्य लाभों/ इंसेटिव प्राप्त करने की पात्रता होगी	औद्योगिक प्रोत्साहन नीति के तहत नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र के लिए निर्धारित विशेष प्रोत्साहन प्राप्त करने की पात्रता होगी
इलेक्ट्रोलाइजर के निर्माण के लिए **गैर नवकरणीय ऊर्जा** स्रोतों से बिजली का उपयोग करने वाली इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण इकाइयां	उद्योग / एमएसएमई विभाग की संबंधित नीति के अधीन सामान्य लाभों/ इंसेटिव प्राप्त करने की पात्रता होगी	

टीप: (1) नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहनों को सूचीबद्ध करते हुए औद्योगिक प्रोत्साहन नीति में एक अलग खंड तैयार किया जाएगा।

(2) ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र और ग्रीन हाइड्रोजन के परिवहन और भंडारण के लिए विकसित की गई कोई भी अवसंरचना औद्योगिक संवर्धन नीति में नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र के संवर्धन के लिए उपलब्ध प्रोत्साहनों का लाभ उठाने के लिए पात्र नहीं होगी

10. नवकरणीय ऊर्जा आधारित ऊर्जा भण्डारण परियोजना हेतु अतिरिक्त प्रोत्साहन:

नवकरणीय ऊर्जा आधारित परियोजनाएं जिनके साथ व्यावसायिक तौर पर उपलब्ध स्टोरेज प्रौद्योगिकी का उपयोग नियोजित किया गया हो, ऐसी परियोजनाओं को अतिरिक्त प्रोत्साहन उपलब्ध कराये जायेंगे। (इन परियोजनाओं को 'ऊर्जा भण्डारण परियोजना' अथवा "ESP" कहा जाएगा)। इस अतिरिक्त प्रोत्साहन के लिए "X" मेगावाट क्षमता की नवकरणीय ऊर्जा परियोजना की न्यूनतम भण्डारण क्षमता "X/10" मेगावाट घंटा (MWh) होगी। इसके अतिरिक्त संयंत्र के लिए प्रति वर्ष न्यूनतम 35% Capacity Utilisation Factor(CUF) होना अनिवार्य होगा।

स्पष्टीकरण हेतु: *ये प्रोत्साहन नवकरणीय ऊर्जा परियोजना के लिये उपलब्ध प्रोत्साहनों के अतिरिक्त उपलब्ध कराये जाएंगे।*

(क) पंजीकरण सह सुविधा शुल्क में छूट:

(एक) ऊर्जा भंडारण परियोजना "ESP" को पंजीकरण सहसुविधा शुल्क के भुगतान में 20% की छूट प्रदान की जाएगी।

(ख) विद्युत शुल्क में छूट व स्टाम्प शुल्क की प्रतिपूर्ति :

(एक) उर्जा भंडारण परियोजना (ESP) को तत्संबंधी परियोजना श्रेणी में प्रावधानित अनुसार विद्युत ऊर्जा के भंडारण हेतु क्रय की गई ऊर्जा तथा डिस्कॉम / तृतीय पक्ष/ केप्टिव उपयोग के लिए की गई विद्युत ऊर्जा की आपूर्ति हेतु उनके व्यावसायिक उत्पादन की तिथि (COD) से दस 10 वर्षों के लिए विद्युत शुल्क के भुगतान में छूट प्रदान की जाएगी।

(दो) विकासकों को परियोजना स्थापना के लिए निजी भूमि के क्रय किए जाने पर स्टांप शुल्क पर 15% की प्रतिपूर्ति प्रदान की जाएगी।

(ग) रियायती दर पर शासकीय भूमि:

(एक) विकासकों को शासकीय भूमि, उपलब्ध होने की दशा में रियायती दर पर (सर्किल दर में 15% की छूट) प्रदान की जाएगी।

11. ग्रीन रूपांतरण हेतु प्रोत्साहन:

नवीन एवम नवकरणीय ऊर्जा विभाग कुल ऊर्जा में नवकरणीय ऊर्जा के अंश की वृद्धि के लिए केंद्रित क्षेत्र में इस ऊर्जा के उपयोग को निम्नलिखित माध्यमों से बढावा देने का प्रयास करेगा:-

11.1 ग्रीन शहर/ग्राम: ऐसे शहर/ग्राम जो समग्र ऊर्जा खपत मिश्रण में न्यूनतम 30% नवकरणीय ऊर्जा का उपयोग करता हो, को ग्रीन शहर/ ग्रीन ग्राम के रूप में मान्य किया जाएगा। ऐसे ग्रीन शहरों/ ग्रामों को राज्य में चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाएगा। ग्रीन शहरों/ ग्रामों को विकसित करने के लिए आवश्यक कदम निम्नानुसार है:

(क) शहरों/ग्रामों का चयन:

(एक) प्रथम चरण में धरोहर तथा पर्यटन महत्व के प्रमुख शहरों का चयन "ग्रीन शहरों/ग्रामों" के विकास हेतु किया जाएगा।

(दो) जिसके अंतर्गत दो शहरों, यथा सांची तथा खजुराहो को पायलट परियोजना के रूप में क्रियान्वित किया जाएगा। इन परियोजनाओं से प्राप्त अनुभव का

उपयोग अन्य शहरों को ग्रीन शहर के चयन तथा रूपान्तरण हेतु किया जाएगा।

(ख) ग्रीन शहरों/ ग्रामों के अन्तर्गत चिन्हित क्षेत्र:

(एक) समस्त स्मारक, सांस्कृतिक तथा धरोहर स्थल, पर्यटन स्थल आदि ।

(दो) शासकीय एवं सार्वजनिक भवन यथा शाला भवन, सार्वजनिक वितरण केन्द्, आंगनवाड़ी केन्द्र, अस्पताल आदि।

(तीन) स्ट्रीट लाइट तथा सार्वजनिक जल प्रदाय पम्पिंग स्टेशन।

(चार) घरेलू तथा व्यावसायिक संस्थान जो 6 किलोवाट से अधिक विद्युत भार पर संयोजित हैं, को अनिवार्यतः , उनकी तकनीकी साध्यता के आधार पर , सौर रूफटॉप स्थापित करना होगें।

(पाँच) मध्यप्रदेश विद्युत वाहन नीति, 2019 के प्रावधानों के अनुसार सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था के लिये विद्युत बसों, ई-रिक्शा तथा ई-ऑटो की व्यवस्था प्रवर्तित की जाएगी। शहर के अंदर सार्वजनिक परिवहन में विद्युत वाहन व्यवस्था को प्रेरित करने की दृष्टि से नवकरणीय ऊर्जा आधारित चार्जिंग स्टेशन की अधोसंरचना विकसित की जाएगी। मध्य प्रदेश विद्युत वाहन नीति, 2019 के क्रियान्वयन हेतु, मध्यप्रदेश नगरीय विकास तथा आवास विभाग, म.प्र. शासन, (नोडल विभाग) तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग संयुक्त रूप से इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रयास करेंगे।

(ग) कार्यप्रणाली:

(एक) ग्रीन शहरों/ ग्रामों में नवकरणीय ऊर्जा उपयोग कुल ऊर्जा मिश्रण के 30 प्रतिशत अंश को प्राप्त करने के लिए उपलब्ध नवकरणीय ऊर्जा विकल्पों या उनके संयोजन का उपयोग कर लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रयास किया जाएगा:

- शहरों की सीमा में किसी भी वाणिज्यिक रूप से उपलब्ध नवकरणीय ऊर्जा तकनीक का उपयोग केन्द्रित या विकेन्द्रित नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना हेतु किया जाएगा ।

- नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का विकास शहर/ ग्राम की सीमा के बाहर नेट जीरो कार्बन अवधारणा के आधार पर किया जाएगा।

(दो) राज्य/ केन्द्रीय सरकार योजनाओं के अन्तर्गत उपलब्ध अनुदान (सब्सिडी) का उपयोग को योजना के विकास तथा उपयोग करने में किया जाएगा। ग्रीन रूपान्तरण को प्रोत्साहित करने हेतु विभाग द्वारा पर्याप्त प्रचार- प्रसार तथा सूचना का आदान-प्रदान म.प्र. ऊर्जा विकास निगम व्दारा किया जाएगा।

(तीन) शहरों / ग्रामों में नवकरणीय ऊर्जा उपयोग के वांछित स्तर का लक्ष्य चरणबद्ध रुप में प्राप्त किया जाएगा।

(चार) **प्रथम चरण में निम्न कदम उठाये जाएंगे:**

- **ग्रीन विद्युत उपकेन्द्र (सबस्टेशन):** ग्रीन रूपान्तरण का कार्य विद्युत उपकेन्द्र स्तर से प्रारंभ किया जाएगा। ग्रीन उपकेन्द्र के समस्त फीडर्स को तकनीकी साध्यता के आधार पर नवकरणीय ऊर्जा विद्युत प्रदाय की जाएगी । अप्रत्यक्ष रूप से ग्रीन ऊर्जा उपयोग के लिए, इन उपकेंद्रों की कुल ऊर्जा मांग की आपूर्ति, समतुल्य नवकरणीय ऊर्जा के माध्यम से की जाएगी।
- **ग्रीन विक्रय (ग्रीन वेंडिंग):** फेरीवालों तथा छोटे विक्रेताओं को सौर लालटेन के उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। फेरीवालों तथा अन्य छोटे दुकानदारों को नवीन एवम नवकरणीय ऊर्जा कार्यालय में सूचीबद्ध एजेंसी से सौर लालटेन क्रय करने पर उपयुक्त पूंजीगत सहायता अनुदान (सब्सिडी) प्रदान की जाएगी।
- **ग्रीन सडक (स्ट्रीट्स):** सौर ऊर्जा चलित स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए वर्तमान स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को सौर ऊर्जा चलित स्ट्रीट लाइट में परिवर्तन हेतु योजना, जिला प्रशासन तथा विभाग के अधिकारियों के समन्वय से विकसित की जाएगी।

(पाँच) **द्वितीय चरण में निम्न कदम उठाए जाएंगे**

- **ग्रीन घर:** रहवासी कल्याण संस्थाओं तथा बहुमंजिला भवनों के रहवासियों को सार्वजनिक स्थानों तथा निजी निवास स्थान पर नवकरणीय ऊर्जा के उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।
- **ग्रीन आवास (ग्रीन रेसीडेंस):** 6 किलोवाट से अधिक क्षमता के विद्युत भार से संयोजित निजी आवासों के रहवासियों को उनके संयोजित भार के 50 प्रतिशत तक तकनीकी साध्यता अनुसार सौर रूफटॉप स्थापना हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा ।
- **ग्रीन संस्थाएं:** 6 किलोवाट से अधिक भार से संयोजित वाणिज्यिक संस्थाओं के लिये संयोजित भार के 50 प्रतिशत तक उनकी तकनीकी साध्यता अनुसार सौर रूफटॉप की स्थापना हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा ।
- **ग्रीन मोबिलिटी:** विद्युत वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु ग्रीन शहरों / ग्रामों के अन्तर्गत चार्जिंग स्टेशन विकसित किये जाएगे। ऐसे चार्जिंग स्टेशन जो नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से न्यूनतम 50 प्रतिशत ऊर्जा प्राप्त करते हों, को निम्नांकित प्रोत्साहन प्राप्त करने की पात्रता होगी:
  - ✓ मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अनुमोदन की दशा में, इस नीति के लागू होने से दस वर्ष के लिये मध्यप्रदेश राज्य में स्थित नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं से उत्पादित ऊर्जा के क्रय पर किसी प्रकार के ओपन एक्सेस चार्जेस अधिरोपित नहीं किये जाऐंगे।

(छः) तृतीय चरण में निम्न कदम उठाये जाएंगे :

- **सामुदायिक नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन:** ग्रामों/ शहरों को ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति हेतु नवकरणीय ऊर्जा आपूर्ति के प्रयास किए जायेंगे । इस हेतु सामुदायिक नवकरणीय ऊर्जा विद्युत संयंत्र के विकास को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस नीति के अंतर्गत लागू समस्त इंसेंटिव सामुदायिक/ रहवासी कल्याण सोसायटी/ ग्राम पंचायतों आदि द्वारा विकसित किए गए नवकरणीय ऊर्जा संयंत्रों को भी प्राप्त होंगे।
- **समुदाय आधारित बायोगैस उत्पादन:** सामुदायिक बायोगैस संयंत्र विकासकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। प्रकरण विशेष के - आधार पर इस नीति आधारित इंसेंटिव सामुदायिक/ रहवासी/ कल्याण सोसायटी/

ग्राम पंचायतों आदि द्वारा विकसित किए गए ऐसे बायोगैस संयंत्र पर भी लागू होंगे।

- **अक्षय ग्राम:** चिन्हांकित ग्रामों के समस्त घरों को नवकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति की जाएगी। नवकरणीय उर्जा विद्युत संयंत्रों को या तो सामुदायिक आधार पर ग्राम के रहवासियों द्वारा या ग्राम के आसपास उपलब्ध बंजर भूमि पर विकासको द्वारा विकसित किया जाएगा। इस नीति आधारित समस्त इंसेंटिव अक्षय ग्रामों के लिए भी लागू होंगे।

11.2ग्रीन परिक्षेत्र:

ग्रीन परिक्षेत्र, विशेष आर्थिक परिक्षेत्र (SEZ) ही के अनुरूप ऐसा चिन्हित क्षेत्र होगा, जहां बडी कम्पनियों/कॉरपोरेट को अपने कार्यालय संचालित करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। मध्यप्रदेश शासन द्वारा बुनियादी अधोसंरचना सुविधा जैसे कि सडक तथा जल प्रदाय आदि उपलब्ध कराई जाएगी। विकासकों द्वारा नवकरणीय ऊर्जा विद्युत के किसी भी माध्यम अथवा दो नवकरणीय ऊर्जा तकनीक के संयोजन से ग्रीनक्षेत्र की कुल ऊर्जा मांग की न्यूनतम 30% आपूर्ति की जाएगी ।

(क) ग्रीन परिक्षेत्र के अन्तर्गत संचालन हेतु पात्र इकाईयां

(एक) ऐसे बडी कम्पनियों/ कॉरपोरेट जो RE-100 Commitment , Net Zero Emission तथा Climate 2° पहल के अनुसार जो ग्रीन हाऊस गैसों के उत्सर्जन को कम करने तथा नवकरणीय ऊर्जा के उपयोग हेतु पंजीकृत हैं ऐसे व्यावसायिक संस्थानों (कार्पोरेटस) को ऐसे ग्रीन परिक्षेत्रों में अपने कार्यालय स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

(दो) अन्य व्यावसायिक संस्थानों (कार्पोरेटस) जिनका वार्षिक टर्नओवर न्यूनतम 50 करोड रूपये हो।

(ख) ग्रीन परिक्षेत्र का विकास:

(एक) मध्य प्रदेश शासन द्वारा इस नीति की अधिसूचना तिथि से छः माह के भीतर ग्रीन परिक्षेत्रों को अधिसूचित किया जाएगा।

(दो) मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड/ रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड

व्दारा पात्र तथा इच्छुक इकाईयों से अधिसूचित ग्रीन परिक्षेत्र में अपना कार्यालय स्थापित करने बाबत निवेश आशय प्रस्ताव तथा उनकी ऊर्जा की कुल मांग बाबत प्रस्ताव पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईनप्राप्त किये जायेंगे ।

(तीन) ग्रीन परिक्षेत्र में व्यावसायिक संस्थानों को अपने स्वयं के नवकरणीय ऊर्जा विद्युत संयंत्र सहकारी समितियों के रूप में स्थापित या फिर उनके द्वारा नवकरणीय ऊर्जा विकासक चयन हेतु विभाग से अनुरोध किया जा सकता है जिसके उपरांत मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड/ रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड प्रतियोगी बोली प्रक्रिया के आधार पर नवकरणीय ऊर्जा विकासक का चयन करेंगे।

(चार) ग्रीन परिक्षेत्रों के अन्तर्गत कार्यालय स्थापित करने वाले व्यावसायिक संस्थान तथा नवकरणीय ऊर्जा विकासक के मध्य, विद्युत क्रय अनुबंध (PPA) निष्पादित किया जाएगा।

11.3 ग्रीन परिक्षेत्रों में कार्यालय स्थापित करने या ग्रीन परिक्षेत्र के अंतर्गत केप्टिव उपयोग हेतु नवकरणीय ऊर्जा संयंत्र विकसित करने वाली इकाइयों को निम्न प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे

(क) 10 वर्षों के लिए शतप्रतिशत (100%) विद्युत शुल्क के भुगतान से छूट प्राप्त होगी।

(ख) ग्रीन परिक्षेत्र के अंतर्गत निजी भूमि के क्रय पर स्टांप शुल्क पर 50% राशि की प्रतिपूर्ति की जाएगी ।

(ग) ग्रीन परिक्षेत्र में शासकीय भूमि उपलब्धता की स्थिति में शासकीय भूमि रियायती दर पर (सर्किल दर पर 50% की छूट) 'प्रथम आए प्रथम पाए' के आधार पर उपलब्ध कराई जाएगी ।

(घ) आवश्यकतानुसार विद्युत ग्रिड उपकेंद्र का उन्नयन अथवा नवीन उपकेंद्र का विकास, ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण,एम पी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड या राज्य डिस्कॉम द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

11.4 मध्य प्रदेश शासन द्वारा अपने कार्यालयों को '**ग्रीन कार्यालय**' के रूप में विद्युत खपत के नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के आधार पर रूपांतरित किया जाएगा। शासकीय कार्यालय भवन में विद्युत प्रदाय हेतु बैटरी/ ऊर्जा भंडारण को नवकरणीय ऊर्जा तकनीक आधारित विद्युत के संयोजन को प्रोत्साहित किया जाएगा।

11.5 नवकरणीय ऊर्जा के उपयोग कर ग्रीन शहरों, ग्रीन परिक्षेत्रों, ग्रीन कार्यालय आदि को विकसित करने के लिए मुख्य तकनीकी संस्थाओं, अनुसंधान संस्थानों, निजी संस्थानों को शासन व्दारा तकनीकी साध्यता अध्ययन, पायलट परियोजनाओं आदि के लिए वित्तीय सहयोग प्रदान किया जाएगा

12. कौशल विकास एवं अनुसंधान तथा विकस हेतु पहल

12.1 मध्यप्रदेश शासन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (ITIs)/ कौशल विकास केंद्र में नवकरणीय ऊर्जा कलपुर्जा विनिर्माण, स्थापना तथा संचालन एवं संधारण पर केंद्रित पाठ्यक्रम प्रारंभ करेगा ।

12.2 मध्यप्रदेश शासन द्वारा एक विश्वविद्यालय को नवकरणीय ऊर्जा के उत्कृष्टता केंद्र के रूप में नामांकित किया जाएगा तथा इस विश्वविद्यालय में नवकरणीय ऊर्जा अनुसंधान तथा विकास विभाग विकसित किया जाएगा।

12.3 मध्यप्रदेश शासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि राज्य में न्यूनतम 5 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाएं तथा 5 डिप्लोमा महाविद्यालय, संभागीय मुख्यालयों पर प्रारंभ किए जायेंगे, जहॉ नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के रूपांकन, विकास तथा संचालन से संबंधित विशेषज्ञता (Specialization) आधारित पाठयक्रम प्रारंभ किए जायेंगे ।

12.4 मध्यप्रदेश शासन प्रमुख तकनीकी संस्थानों, अनुसंधान संस्थाओं, सार्वजनिक अथवा निजी संगठनों आदि के सहयोग से उच्च नवकरणीय ऊर्जा क्षमता, हाईब्रिड नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के कारण इसका ग्रिड पर प्रभाव के लिए ग्रिड नेटवर्क अध्ययन, पायलट परियोजना के माध्यम से इसके प्रभावों का अध्ययन करेगा।

ऐसी पहल हेतु आवश्यक वित्तीय सहायता प्रस्तुत प्रस्ताव की आवश्यक जांच उपरांत प्रदान की जाएगी।

13. जन जागरूकता:

13.1 मध्यप्रदेश शासन नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग के लिए स्थानीय स्वयंसेवकों (हरित मित्र) का नामांकन तथा रिकार्ड (database) जिला स्तर पर संधारित करेगा। यह हरित मित्र निम्न कार्य हेतु उत्तरदायी होंगे।

(क) नवकरणीय ऊर्जा की विभिन्न योजनाओं का भिन्न-भिन्न हित ग्राहियों को नीति के अंतर्गत उपलब्ध प्रोत्साहनों के बारे में जानकारी देना ।

(ख) विभिन्न नवकरणीय ऊर्जा योजनाओं में उपलब्ध इंसेंटिव के बारे में ग्राम स्तर पर अभियान चलाना।

(ग) सोलर रूफटॉप, सौर पंप आदि योजनाओं में उपलब्ध इंसेंटिव के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान करना ;

(घ) सोशल मीडिया का उपयोग जन जागरूकता हेतु करना तथा वार्षिक या अर्धवार्षिक कार्यशालाओं/(VCs) के व्दारा राज्य स्तर पर नीतिगत उपायों तथा इंसेंटिव आदि के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करना।

13.2 सर्वोत्तम प्रदर्शन प्रस्तुत करने वाले 'हरित मित्र' को मध्यप्रदेश शासन 26 जनवरी/ 15 अगस्त या 5 जून (पर्यावरण दिवस) को सम्मानित करेगा।

13.3 "हरित मित्र" को उनके प्रयासों के लिए समुचित वित्तीय प्रोत्साहन सुनिश्चित किए जाएंगे। "हरित मित्र" की नियुक्ति तथा देय वित्तीय प्रोत्साहनों के बारे में पृथक से दिशा-निर्देश जारी किये जाएगें।

14. नीति का संचालन:

14.1 इस नीति में उल्लेखित प्रावधानों को प्रभावी बनाने के लिए पृथक से विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए जाएगें।इस नीति के साथ प्रकाशित किए जाने वाले विस्तृत दिशा-निर्देश निम्नानुसार (मात्र उल्लेखित बिंदुओं तक ही सीमित ना होकर) नीति के क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध होंगे ;

(क) प्रशासनिक अनुमोदन;

(ख) परियोजना पंजीकरण;

(ग) भूमि उपयोग अनुमति;

(घ) परियोजना मॉनिटरिंग तथा समय सीमा बद्ध क्रियांवयन ;

(ङ) नीति अंतर्गत उपलब्ध प्रोत्साहन तथा लाभ प्राप्त करने हेतु नियम/उपनियम

14.2 नीति के सफल संचालन के लिए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में 'जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति' 'District Level Implementation Committee' (DLIC) का गठन किया जाएगा। यह समिति नीति के अनुरूप विशेष परियोजनाओं का निरीक्षण कर, नगरीय प्रशासन के क्षेत्राधिकार के अधीन आवश्यक अनुमोदन आदि प्रदान करेगी। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, समय-समय पर समिति के अन्य सदस्यों को भी अधिसूचित करेगा।

14.3 एकल खिड़की प्रणाली' (सिंगल विंडो) के माध्यम से तकनीकी, सहायता तथा संबंधित शासकीय विभागों के समन्वय से परियोजना हेतु आवश्यक अनुमोदन प्रदान करना।

14.4 एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के ग्रिड सन्योजन हेतु आवश्यक समयबद्ध अनुमोदन प्रदान करने हेतु एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के किसी भी एक अधिकारी को 'हरित ऊर्जा अधिकारी' के रूप में नामांकित करेगी।

14.5 मध्य प्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग इस नीति के प्रकाशन से एक वर्ष के अंतराल में इस नीति के प्रावधानों के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग हेतु आवश्यक प्रयास करेगी।

15. मध्य प्रदेश स्वच्छ ऊर्जा कोष:

15.1 इस नीति के खंड 7.3 के अनुसरण में नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं पर लगाए गए हरित ऊर्जा विकास शुल्क को मध्य प्रदेश स्वच्छ ऊर्जा कोष में जमा किया जाएगा।

15.2 मध्यप्रदेश स्वच्छ ऊर्जा कोष के प्रति अंशदान, हरित ऊर्जा विकास शुल्क के माध्यम से, इस नीति के लागू होने के पश्चात क्रियाशील होने वाली परियोजनाओं पर लागू किया जाएगा जो उनके कमीशनिंग की तिथि से परियोजना काल तक लागू होगा। तथापि यह नियम, ऐसी परियोजनायें जिनके लिए निविदा प्रक्रिया इस अधिसूचना के जारी होने के पूर्व से प्रभावी हो,लागू नहीं होगा।

15.3 मध्यप्रदेश स्वच्छ ऊर्जा कोष के लिए अंशदान प्रत्येक तिमाही हेतु परियोजना के क्रियाशील होने की तिथि से देय होगा। मध्यप्रदेश स्वच्छ ऊर्जा कोष हेतु अंशदान आयुक्त कार्यालय, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा द्वारा अधिसूचित किये गए नामांकित खाते में जमा करना होगा। आयुक्त कार्यालय, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा, नवकरणीय ऊर्जा नीति - 2022 से प्राप्त हरित ऊर्जा विकास शुल्क के संग्रहण, आवंटन और उपयोग के सम्बन्ध में वित्त विभाग के परामर्श से योजना बना सकेगा।

16. भारत सरकार की नीतियों तथा योजनाओं के साथ समन्वय

16.1 भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालय जैसे विद्युत मंत्रालय, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, उद्योग मंत्रालय तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रम मंत्रालय आदि के द्वारा अधिसूचित नीतियों एवं योजनाओं का यथोचित समन्वय, नवकरणीय ऊर्जा विकासकों तथा नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माताओं को आवश्यक इंसेंटिव प्रदान करने के लिए किया जाएगा।

17. विनियम

17.1 माननीय मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं से सम्बंधित नियमों- विनियमों तथा आदेशों की संरचना करते समय इस नीति में उल्लेखित प्रावधानों को संज्ञान में लिया जाएगा। हालांकि, जब तक कि विशेष रूप से मध्य प्रदेश शासन या भारत सरकार द्वारा अन्यथा प्रदान नहीं किया जाता है, मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा तैयार किए गए नियमों और इस नीति के प्रावधानों के

बीच किसी भी विरोधाभास की स्थिति में, मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा तैयार किए गए विनियामक प्रावधान मान्य होंगे।

18. कठिनाइयां दूर करने का अधिकार:

18.1 नवीन एवम नवकरणीय ऊर्जा विभाग, को को इस नीति को प्रभावी बनाने में आ रही कठिनाइयों को दूर करने का अधिकार होगा । इस हेतु स्व संज्ञान के अथवा परियोजना विकासकों/हितधारकों से प्राप्त सूचना के आधार पर अवगत कराई गई बाधाओं कोदूर करने/ स्पष्टीकरण/व्याख्या जारीकरने का अधिकार होगा।

19. व्याख्या का अधिकार:

19.1 यदि इस नीति के किसी प्रावधान/उपबंध के अर्थ, अभिप्राय या उद्देश्य के बारे में कोई /अस्पष्तता या विवाद हो तो इस बारे में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, द्वारा की गई व्याख्या समस्त संबंधितों हेतु बाध्यकारी होगी ।

19.2 इस नीति के निहित समस्त प्रावधानों को नीति के अनुसरण में जारी प्रासंगिक और आवश्यक दिशानिर्देशों में विस्तृत प्रावधानों के साथ समन्वय में पढ़ा, व्याख्या, अर्थ और कार्यान्वित किया जाएगा। इसके अतरिक्त, यदि अंग्रेजी भाषा में जारी नीति और दिशानिर्देश एवं हिंदी भाषा में जारी नीति और दिशानिर्देशों में उल्लिखित प्रावधानों और व्याख्याओं में कोई विरोधाभास होता है तो अंग्रेजी भाषा में जारी नीति और दिशानिर्देश मान्य होंगे।

20. निरसन एवं व्याकृत्ति (विलोपन एवं संरक्षण):

20.1 इस नीति में प्रावधान के अतिरिक्त मध्यप्रदेश राज्य पवन ऊर्जा आधारित परियोजना की क्रियान्वयन नीति वर्ष 2012, मध्यप्रदेश राज्य सौर ऊर्जा आधारित परियोजना के क्रियान्वयन नीति वर्ष 2012, मध्यप्रदेश राज्य में लघु जलविद्युत आधारित परियोजना क्रियान्वयन नीति वर्ष 2011 तथा मध्य प्रदेश बायोमास आधारित विद्युत (पावर) परियोजना क्रियान्वयन नीति वर्ष 2011 में जारी नीति तथा अनुवर्ती किए गए समस्त संशोधनों को एतद् द्वारा निरस्त किया जाता है।

20.2 इस निरसन के अतिरिक्त यदि कोई कार्यवाही उपरोक्त निरस्त की गई नीतियों के अंतर्गत की गई है अथवा की जानी है, और यदि वह वर्तमान नीति में किए गए प्रावधानों के समान है, को इस नीति के प्रावधानों के समतुल्य माना जाएगा।

संलग्नक-I: नवकरणीय ऊर्जा आधारित विद्युत परियोजनाएं:

1. एकल नवकरणीय ऊर्जा स्रोत आधारित ग्रिड संयोजित/ ऑफ ग्रिड विद्युत परियोजनाएं
   - **(क)** सौर फोटोवोल्टिक आधारित विद्युत परियोजनाएं
     - (एक) ग्राऊड माऊंटेड
     - (दो) फ्लोटिंग सोलर
     - (तीन) नहर शीर्ष या जल निकाय (जैसे कि नहर तालाब, झील नदी) का किनारा
   - **(ख)** सौर ताप आधारित विद्युत परियोजनाएं
   - **(ग)** पवन ऊर्जा आधारित विद्युत परियोजनाएं, जिसमें वर्तमान में स्थापित परियोजनाओं की रिपावरिंग भी सम्मिलित है
   - **(घ)** जल विद्युत आधारित परियोजनाएं जिनकी क्षमता पच्चीस (25 मेगावाट) से कम या बराबर हो तथा न्यूनतम क्षमता 1 किलोवाट हो ;
   - **(ङ)** बायो-ऊर्जा आधारित विद्युत परियोजनाएं
     - (एक) बायोमास अथवा गैर पारंपरिक फीडस्टॉक के माध्यम से विद्युत उत्पादन /बायो सीएनजी का उत्पादन
     - (दो) बायोमास आधारित को-जनरेशन विद्युत परियोजनाएं
     - (तीन) अपशिष्ट स्रोतों से ऊर्जा उत्पादन
2. ऊर्जा भंडारण सहित, नवकरणीय ऊर्जा स्रोत आधारित विद्युत परियोजना, इसमें पंप हाइड्रो आधारित भंडारण, बैटरी आधारित भंडारण, हाइड्रोजन आधारित भंडारण या व्यावसायिक रूप से उपयोगी ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकी का कोई अन्य रूप शामिल होगा। न्यूनतम ऊर्जा भंडारण क्षमता X/10 होनी चाहिए जहां 'X' नवकरणीय ऊर्जा परियोजना की क्षमता है।
3. नवकरणीय ऊर्जा आधारित हाइब्रिड विद्युत परियोजना।
4. नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोत आधारित पार्क/ नवकरणीय ऊर्जा हाइब्रिड पार्क (प्लग तथा प्ले सुविधा से युक्त)
5. नवकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (सर्टिफिकेट) योजना के अंतर्गत पंजीकृत परियोजनाएं
6. नवकरणीय ऊर्जा स्रोत आधारित/ नवकरणीय ऊर्जा हाइब्रिड ऊर्जा परियोजनाओं का पारंपरिक ऊर्जा परियोजनाओं के साथ संयोजन (Bundling)
7. नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाएं जो मध्यप्रदेश वितरण कंपनियों के ग्रिड के साथ सम्बद्ध हैं (उदाहरण कुसुम योजना का घटक A) केन्द्र /राज्य सरकार स्कीम के अन्तर्गत न्यूनतम एक किलोवाट क्षमता के साथ।
8. भारत सरकार के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा मान्य नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोत/ तकनीक आधारित ऐसी समस्त परियोजनायें जिनका उपयोग ऊर्जा के अन्य प्रकार जैसे वाष्प, ऊष्मा, शीतलता आदि में किया जाता है।

Madhya Pradesh Renewable Energy Policy-2022

Contents

1. Preamble
2. Vision and Objective of the Policy
3. Title and operative period of the Policy
4. Policy target
5. Implementation Strategy
6. Applicability of the policy and exclusions
7. Incentives for RE developers
8. Incentive of RE equipment manufacturers
9. Additional Incentive for Renewable Energy sourced Energy Storage project:
10. Initiatives for green transformation
11. Initiatives for skill development and R&D
12. Public awareness
13. Operationalization of this policy
14. Madhya Pradesh Swach Urja Kosh (MPSUK)
15. Dovetailing Government of India Policies and Schemes
16. Regulations
17. Right to remove difficulties
18. Right to interpret
19. Repeal and savings

1. **Preamble**

The global average temperature has been rising continuously and is a big cause of concern for policy makers and global leaders across the world. At the 21st annual session of the Conference of the Parties (COP21), 196 Parties signed onto the international treaty on climate change in Paris, on the 12th of December 2015. The central aim of the Paris Agreement was to strengthen global response to the threat of climate change by limiting global temperature rise to 1.5-2.0 degree Celsius above the pre-industrial levels for 21st century, while enhancing the ability of all signatory countries to deal with the impacts of climate change. India, as one of the signatories (Party's) to COP21, is committed to plan for a low-carbon future growth and curb climate change.

1.1. India expects its energy demand to grow by upto three times by 2030 (over the 2012 levels). To meet this rise in energy requirement, with minimal climate change impact, the country has set a very aggressive national target to enhance the share of Renewable Energy (RE) technologies in its overall generation portfolio. India announced its intention to achieve a target of 500 GW of renewable energy installed capacity and 50% of renewable energy in total energy mix by 2030 at the COP26 summit held at Glasgow in November 2021. India also pledged to cut its carbon emissions to net zero by 2070.

1.2. Further, India is looking towards cross-sectoral convergence in terms of energy and fuel sources. Electric mobility is gaining momentum around the globe as well as in India. Several Indian States, including Madhya Pradesh, have crafted future looking Electric Vehicle Policies to promote cleaner and greener transportation. Adoption of Electric Vehicles (EVs) would help in mitigating climate change concerns, provided they (EVs) are charged using clean energy sources. At the same time, the irrigation sector, which till now depended heavily on diesel based gensets, is now all set to go cleaner through either solar or large-scale solar energization of the grid. Therefore, renewable energy is likely to be at centre stage in enabling the world to move towards a sustainable future.

1.3. The Government of Madhya Pradesh (GoMP) recognizes the current and potential impact of climate change on long-term energy security and emphasizes on the need to tackle these challenges through an integrated policy and programme approach in order to minimize their impact(s). The State of Madhya Pradesh is committed to encouraging the promotion of cleaner and greener power generation through renewable energy resources.

1.4. Madhya Pradesh ("State") is endowed with high renewable energy rich sites, potent to generate several gigawatts of renewable energy. As per MNRE, the State has solar energy potential of ~62 GW, wind energy potential of ~11 GW, biomass energy potential of ~4 GW and small hydro potential of 820 MW. Thus, the State is favorably placed to drive the growth of renewable energy. Therefore, the GoMP, through this Policy, is planning to develop a holistic ecosystem to reap full renewable energy potential of the State.

2. Vision and Objective of the Policy

Renewable energy will play a critical part in the development of energy system of the future. Renewable energy will not only generate clean energy but will also be at the helm of new investment opportunities, manufacturing, employment generation, innovation and market development. The Government of Madhya Pradesh envisions following through this policy statement:

2.1. Develop the State into a renewable energy hub with a focus on creation of RE equipment manufacturing eco-system by:

a) garnering investments in renewable energy equipment manufacturing sector in the State;

b) providing appropriate incentives to ensure that the State becomes a renewable energy equipment manufacturing[1] destination;

c) skilling manpower through introducing vocational courses suitable for RE equipment manufacturing sector, repair and maintenance;

d) incentivizing generation of new jobs in RE manufacturing space.

2.2. Facilitate large scale adoption and deployment of RE in the State by:

a) garnering investments in renewable energy generation sector in the State;

b) attempting to have the RE mix as 50 % by 2030 for the State and, till the said target is met, ensuring that all annual RPO targets are also met;

c) supplying RE power to other non-RE rich States;

d) endeavor to transform 20%, 50% and 100% of State level Government Departments as 100% green energy compliant by 2024, 2027 and 2030 respectively, leaving a net zero carbon footprint;

e) deploying renewable energy technologies through the development of Model RE Cities and Green Zones by 2030 using the net zero framework;

f) attempting to develop 20%, 50% and 100% of all heritage cities as Green Cities by the year 2024, 2027 and 2030 respectively; and

---

[1] State would promote *manufacturing of equipment such as silicon ingots and wafers, solar cells and modules, floaters, wind equipment, solar thermal equipment, major components for small hydro plants, batteries, turbines for pump storage plants and electrolyzers.*

g) to promote establishment of renewable energy zones.

2.3. Facilitate the design, development and operationalization of new and innovative technologies and procurement approaches which promote design and deployment of new technologies in RE, RE hybrid and Energy Storage space, in order to provide reliable and schedulable power at more cost competitive rates through:

a) higher uptake of clean and renewable energy solutions by mobility sector in the State. This shall be done by introducing greater integration and synergy between clean and renewable energy generation and use of EVs/ green mobility solutions;

b) Facilitating deployment of ancillary services for making the grid more flexible for greater RE integration;

c) Positioning MP as a "innovation and pilot destination" for new RE technologies. Facilitating research and development (R&D) in RE technologies by extending support for collaborative R&D with premier institutes and technology companies within State.

3. **Title and operative period of the Policy**

3.1. This Policy shall be known as "***Madhya Pradesh Renewable Energy Policy – 2022***".

3.2. The Policy shall remain in operation for a period of five (5) years from the date of notification in the Madhya Pradesh State Gazette or until a new policy is notified by the State Government.

3.3. New and Renewable Energy Department, GoMP may amend/modify/review this policy as and when required.

3.4. The Office of the Commissioner, New and Renewable Energy, GoMP ("NRE") shall be the nodal agency for the implementation of this Policy.

4. **Policy target**

4.1. Investment of INR 15,000 Crore by 2024 and INR 50,000 Crore by 2027 in Renewable Energy generation sector in the State

4.2. Investment of INR 4,000 Crore by 2024 and INR 10,000 Crore by 2027 in RE equipment manufacturing sector.

4.3. Twenty percent (20%) RE in State's energy mix by FY 2024, thirty percent (30%) by FY 2027 and fifty percent (50%) by FY 2030

a) Development of ten thousand (10,000) MW renewable energy technology based park/ RE hybrid park under GoI/ GoMP schemes by FY 2027.

b) Four thousand (4000) MW renewable energy projects for exporting power outside the State by 2024 and ten thousand (10,000) MW by FY 2027.

4.4. Generate more than 10,000 new jobs in renewable energy sector by 2024 and 50,000 new jobs by 2030.

5. **Implementation strategy**

5.1. Incentives shall be made available for manufacturing of equipment and related components for renewable energy sector in Madhya Pradesh. Incentives shall include concessional lease rent for government land, subsidies, rebate/ exemption on duties etc.

2.4.2 परियोजना श्रेणियों, शुल्क, परियोजना आकार, परियोजना स्वामित्व, पुर्नपंजीकरण (re-registration), अपंजीकरण (de-registration) में किन्हीं परिवर्तनों का प्रबंधन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

2.4.3 जब तक ऑनलाइन पोर्टल पर अन्यथा निर्दिष्ट किया जाए, परियोजना के पंजीकरण हेतु निम्नलिखित जानकारी/अभिलेखों की आवश्यकता होगी:

क. वैध विद्युत क्रय अनुबंध (PPA), आवंटन पत्र (Letter of Award)/ कार्यादेश (WO)/ भूमि उपयोग अनुमति अनुबंध (LUPA) या अन्य कोई अभिलेख जो नवकरणीय ऊर्जा परियोजना के विकास में भूमिका साध्य हो।

ख. लिखित प्रमाण जो पक्षों के विद्युत क्रय अनुबंध (PPA) की इकाइयों के विधिक अस्तित्व का साध्य (पंजीकरण निगमन प्रमाण- पत्र (incorporation certificate), PAN, TIN, GST आदि).

ग. निष्पादन बैंक गारंटी, यदि लागू हो

घ. अनुमोदनों तथा अनुपालनों की सूची तथा अनुपालन जो प्राप्त कर लिये गये हैं/ प्रक्रिया में हैं अथवा संधारित किये जा रहे हैं, के बारे में घोषणा पत्र।

2.4.4 यदि परियोजना की इकाईयों के बारे में किसी नाम या पंजीकरण या कार्यालय के पते आदि में कोई परिवर्तन किया जाता है तो इस संबंध में पक्षों को तत्समय निर्धारित शुल्क के भुगतान के साथ परिवर्तित स्थिति को अदयतन करना होगा।

2.4.5 यदि परियोजना के दर्जे, इसके स्वामित्व या परियोजना की श्रेणी में परिवर्तन होता है या परियोजना की संविलियन (merger)/ डीमर्जर (demerger)/ अधिग्रहण/ पुनर्गठन/ समामेलन (amalgamation) या या इसी तरह के अन्य व्यवहार (transaction), ऐसे पंजीयन या दस्तावेजों में परिवर्तनों हेतु विकासक को आवश्यक अभिलेख तथा यथोचित शुल्क, जैसा कि वह समय-समय पर निर्दिष्ट किया जाए, जमा करना होगा।

2.4.6 इकाइयों/ विद्युत क्रय अनुबंध (PPA) के पक्षकार या उपयुक्त व्यक्ति का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह स्वयं परियोजना संबंधी अद्यतन जानकारी, कंपनी विवरण, अधिकृत प्रतिनिधि के संपर्क विवरण, कंपनी पंजीकृत पता, आदि सहित, सदैव ऑनलाइन पोर्टल पर रखें।

2.4.7 इन दिशा-निर्देशों के अधीन विकासक के लिए यह अनिवार्य होगा कि वह उप-विक्रेताओं (Sub vendor), सह परियोजना विकासकों (Co-project developers)/ सहायता संघ भागीदार (consortium partner), संयुक्त उपक्रम (JV) भागीदार का पंजीकरण समन्वय अभिकरण (नोडल एजेंसी) के साथ कराये। तथापि उप-विक्रेताओं/ सह परियोजना विकासकों/ सहायता संघ भागीदार/ संयुक्त उपक्रम (JV) भागीदार को कोई शुल्क का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होगी।

2.4.8 इन दिशानिर्देशों में कुछ भी शामिल होने के बावजूद, नोडल एजेंसी नवकरणीय परियोजनाओं को ऑफ़लाइन मोड के माध्यम से तब तक पंजीकृत करती रहेगी जब तक कि परियोजना पंजीकरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल विकसित और कार्यात्मक नहीं हो जाता। बशर्ते, नोडल एजेंसी मध्य प्रदेश नवीकरणीय ऊर्जा नीति - 2022 और इन दिशानिर्देशों के जारी होने की तारीख से 6 महीने के भीतर ऐसा ऑनलाइन पोर्टल विकसित करेगी, जिसके बाद कोई भी परियोजना ऑफ़लाइन मोड के माध्यम से पंजीकृत नहीं होगी।

2.5 पंजीकरण का निरस्तीकरण:

2.5.1 जब तक कि नीति प्रावधानों के अनुसार विस्तार प्रदान नहीं किया गया हो, यदि डेवलपर इन दिशानिर्देशों के खंड 9 और अनुलग्नक-1 के अनुसार परिभाषित समय सीमा के भीतर परियोजना को चालू करने में विफल रहता है तो नोडल एजेंसी परियोजना पंजीकरण को रद्द कर देगी।

2.5.2 परियोजना विकासक समन्वय अभिकरण (नोडल एजेंसी) से परियोजना को क्रियाशील करने से पूर्व किसी भी समय पंजीकरण को निरस्त करने हेतु अनुरोध कर सकता है:

क. ऐसे समय पर या इससे पूर्व, जैसा कि पंजीकरण प्रमाण पत्र में इसका उल्लेख किया हो या जैसा समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) द्वारा जारी किये विशिष्ट दिशा-निर्देश/ आदेश में जारी उल्लेखित हो, इनमें से जो भी पूर्व में घटित हो।

ख. यदि निरस्तीकरण अनुरोध पंजीकरण से तीस (30) दिवस के भीतर प्रस्तुत किया जाए तो समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) निष्पादन गारंटी, यदि कोई हो, को राजसात नहीं करेगा तथा इससे निरस्तीकरण अनुरोध के 30 दिवस के भीतर, इनमें से जो भी पूर्व में घटित हो, लौटायेगा।

2.5.3 यदि विकासक परियोजना क्रियाशील तिथि के पश्चात परियोजना पंजीकरण के निरस्तीकरण हेतु अनुरोध प्रस्तुत करता है,तो ऐसे प्रकरण पर कार्यवाही आवंटन पत्र (LOA)/ विद्युत क्रय अनुबंध (PPA) / कार्यादेश (WO) के प्रावधानों के अनुसार की जाएगी, जैसा कि सुसंगत हो, या फिर समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) द्वारा प्रकरण दर प्रकरण आधार पर किया जाएगा।

2.5.4 समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) किसी परियोजना को किसी औचित्यपूर्ण आधार पर लिखित में कारण अभिलेखित करते हुए, जैसा की उपयुक्त हो, प्रकरण-दर-प्रकरण आधार पर निरस्त कर सकेगा।

2.5.5 पंजीकरण के निरस्तीकरण के प्रकरण में परियोजना विकासकों को पंजीकरण सह सुविधा शुल्क राशि के प्रत्यर्पण की पात्रता नहीं होगी।

2.6 मध्य प्रदेश स्वच्छ ऊर्जा कोष:

2.6.1 राज्य में नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में प्रभावी तथा दक्ष प्रयासों के संवर्धन के लिए हरित ऊर्जा विकास शुल्क लगाया जायेगा, जिससे प्राप्त राशि को मध्यप्रदेश स्वच्छ ऊर्जा कोष में जमा किया जाएगा।

2.6.2 मध्य प्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (एमपीपीएमसीएल) के अलावा अन्य इकाई को बेची जाने वाली बिजली पर 0.10 रुपये(दस पैसे) प्रति यूनिट का हरित ऊर्जा विकास शुल्कलगाया जाएगा।

2.6.3 केप्टिव उपयोग के मामले में, केप्टिव पावर प्लांट द्वारा उत्पादित संपूर्ण बिजली इकाइयों पर 0.10 रुपये (दस पैसे)/ यूनिट का हरित ऊर्जा विकास शुल्क लगाया जाएगा, किन्तु राज्य शासन के विभाग/ संस्था/उपक्रम/ स्थानीय निकाय को स्वयं के संपूर्ण उपयोग हेतु (100% कैप्टिव) नवकरणीय ऊर्जा परियोजना लगाए जाने पर केवल हरित ऊर्जा विकास शुल्क में छूट दी जाएगी

2.6.4 मध्य प्रदेश स्वच्छ ऊर्जा कोष में प्राप्त राशि, निम्नलिखित संस्थाओं के मध्य निम्नानुसार आवंटित होगी:

(क) 0.07 रुपये (सात पैसे) प्रति यूनिट, म.प्र.पॉवर मेनेजमेंट कम्पनी लिमि., मध्य प्रदेश शासन;

(ख) 0.03 रुपये (तीन पैसे) प्रति यूनिट, मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम, मध्य प्रदेश शासन

(ग) नवकरणीय ऊर्जा नीति -2022 की अधिसूचना के उपरांत, मध्यप्रदेश स्वच्छ ऊर्जा कोष में अंशदान नीति अंतर्गत पंजीकृत परियोजनाओं पर

व्यावसायिक उत्पादन (Commercial Operation Declaration) से परियोजना काल तक लागू रहेगा। परन्तु जिन परियोजनाओं की निविदाएं नवकरणीय ऊर्जा नीति – 2022 के प्रकाशन होने से पूर्व सम्पन्न की जा चुकी हैं, वे परियोजनाये इस शुल्क से मुक्त होंगी।

2.6.5 नवकरणीय ऊर्जा नीति- 2022 और इस दिशानिर्देशों में अंतर्विशिष्ट किसी भी बात के इतर, यदि नवकरणीय ऊर्जा परियोजना मध्य प्रदेश शासन के अंतर्गत किसी इकाई या मध्य प्रदेश शासन और भारत सरकार के अंतर्गत इकाइयों के संयुक्त उद्यम द्वारा विकसित नवकरणीय ऊर्जा पार्क के अंदर विकसित किया जाता है, तो ऐसी परियोजना को हरित ऊर्जा विकास शुल्क के भुगतान से छूट दी जाएगी।

3 नवकरणीय ऊर्जा परियोजना के निष्पादन हेतु दिशा-निर्देश

3.1 भूमि आवंटन हेतु संबंधित प्रावधान

3.1.1 जब तक प्रशासनिक विभाग/ नोडल एजेंसी/ सक्षम प्राधिकारी द्वारा संशोधित या अन्यथा विनिर्दिष्ट न किया जाए, विभिन्न परियोजना प्रौद्योगिकियों हेतु भूमि आवंटन इन दिशा-निर्देशों के अनुलग्नक-1 के अनुसार किया जाएगा।

3.1.2 नवकरणीय ऊर्जा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप नोडल एजेंसी, नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तथा अन्य सहायक क्षेत्रों में निरंतर आधार पर परियोजनाओं के विकास हेतु उपलब्ध यथोचित भूमि को चिन्हांकित करेगा।

क. इन उपलब्ध भूमि क्षेत्रो का विवरण इच्छुक विकासकों को सार्वजनिक रूप से) उपलब्ध कराया जाएगा।

ख. ऐसी भूमि के आवश्यक विवरण इच्छुक विकासक/ विकासक फर्म को उनके द्वारा आनलाइन पोर्टल पर औपचारिक अनुरोध किये जाने उपरांत, प्राप्त अनुरोधों के परीक्षण पश्चात उपलब्ध कराए जाएंगे।

ग. अपने स्वविवेक के आधार पर, नोडल एजेंसी नवकरणीय ऊर्जा में परियोजनाओं हेतु आवश्यक भूमि अथवा अन्य ऊर्जा क्षेत्रों हेतु आवश्यक भूमि से संबंधित जानकारी विकासक/ विकासक फर्म क आवश्यकतानुसार प्रदान कर सकेगा।

3.1.3 परियोजनाओं/ पार्को के विकास हेतु, विकासक/विकासक फर्म या उनके सहयोगियों को परियोजना हेतु आवश्यक भूमि के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया अनुसार भूमि उपलब्ध कराई जाएगी;

क. विकासक/ विकासक फर्म को नोडल एजेंसी, इस प्रयोजन हेतु निर्धारित ऑनलाईन पोर्टल पर औपचारिक अनुरोध पर भूमि आबंटन हेतु समुचित कार्यवाही करेगा ।

ख. नोडल एजेंसी, ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से विकासक/विकासक फर्म, से यथोचित भूमि संबंधित, आवश्यक विवरणो साझा करेंगे।

ग. नोडल एजेंसी किसी विकासक या विकासक फर्म को राजस्व भूमि के उपयोग की अनुमति नोडल एजेंसी तथा विकासक के मध्य हस्ताक्षरित भूमि उपयोग अनुमति अनुबंध (LUPA) के माध्यम से करेगा।

घ. जब तक समन्वय अभिकरण (नोडल एजेन्सी) द्वारा सूचित अथवा परिवर्तित ना किया जाये, भूमि उपयोग अनुमति अनुबंध (LUPA) का कार्यकाल (tenure) इन दिशा-निर्देशों के अनुलग्नक-1 में उल्लेखित किये अनुसार होगा।

3.1.4 प्रकरण-दर-प्रकरण आधार पर नोडल एजेन्सी अतिरिक्त भूमि का आवंटन या फिर विद्यमान भूमि का उपयोग अनुमति अनुबंध (LUPA) के माध्यम से अनुमोदित/आवंटित अवधि से अपेक्षाकृत अतिरिक्त अवधि के लिए कर सकता है।

3.1.5 किसी परियोजना के लिये भूमि उपयोग अनुमति अनुबंध की अवधि से अधिक अवधि केवल उसी दशा में स्वीकार की जाएगी जहाँ ऐसा प्रावधान परियोजना अनुबंध के माध्यम से किया गया हो या फिर Long Term Access(LTA), नोडल एजेन्सी द्वारा अनुमोदित परियोजना अवधि से अपेक्षाकृत अधिक हो।

3.1.6 वन भूमि के उपयोग हेतु अनुमति: यदि शासकीय राजस्व भूमि को राजस्व अभिलेखों में वन भूमि के रूप में लघु तथा छोटे वृक्षों के रूप में अभिलेखित किया गया हो या फिर मध्य प्रदेश के राजस्व विभाग द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसार इसे वन भूमि परिभाषित किया गया हो तो आवेदक को सक्षम कार्यालय से प्रचलित तथा यथा संधोधित वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्रावधानों के अनुसार अनुमति प्राप्त करनी होगी।

3.1.7 अनुसूचित जनजातियो के स्वामित्व वाली भूमि के उपयोग की अनुमति: अनुसूचित जनजातियों के स्वामित्व वाली भूमि पर परियोजना की स्थापना मध्यप्रदेश भू- राजस्व संहिता के प्रचलित प्रावधानों के अनुसार की जा सकती है। अनुसूचित जातियों के स्वामित्व वाली भूमि पर परियोजना की स्थापना केवल आपवादिक परिस्थितियों में ही की जानी चाहिए तथा यह परस्पर सहमति तथा समझौते के आधार पर ही की जानी चाहिए।

3.2 भूमि आवंटन हेतु प्राथमिकता

3.2.1 नवकरणीय परियोजना/ पार्क के विकास के लिए प्रतिस्पर्धी बोली के आधार पर या विद्युत अधिनियम 2003/ राष्ट्रीय टैरिफ नीति 2016/ मानक बोली दिशानिर्देशों (सभी संशोधनों सहित) के प्रावधानों के अनुसार चयनित इकाई को भूमि प्रदान की जाएगी।

3.2.2 राज्य डिस्कॉम/ म. प्र. पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (एम पी पी एम सी एल) को 50% से अधिक नवकरणीय ऊर्जा प्रदान करने वाली परियोजनाओं को भूमि आवंटन में अन्य नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं से प्राथमिकता दी जाएगी।

3.2.3 केवल मध्य प्रदेश शासन के विभाग/ संस्था/ उपक्रम/ स्थानीय निकाय को स्वयं के संपूर्ण उपयोग हेतु (100% कैप्टिव) नवकरणीय ऊर्जा परियोजना लगाए जाने के अलावा किसी अन्य को तृतीय-पक्ष बिक्री/ केप्टिव उपयोग के लिए स्थापित किए गए नवकरणीय ऊर्जा संयंत्र को शासकीय भूमि प्रदान नहीं की जाएगी।

3.2.4 नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए शासकीय भूमि के आवंटन के लिए प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार होगा :

क. प्रथम प्राथमिकता – रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड/ अन्य किसी राज्य इकाई के अधीन विकासित परियोजनाओं/पार्को के लिये;

ख. व्दितीय प्राथमिकता –नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार से अनुमोदित परियोजनायें/ पार्क तथा तथा जिनसे सार्वजनिक ईकाई/ विद्युत वितरण कंपनियों व्दारा विद्युत क्रय के लिए लैटर ऑफ इंटेंट(LOI)/ लैटर ऑफ अवार्ड(LOA)जारी किया गया है। इस प्रकार की परियोजना प्रतिस्पर्धी बोली के आधार पर चयनित की गई हो और राज्य के भीतर परियोजना / पार्क द्वारा 50% से अधिक बिजली की आपूर्ति की जानी हो।

ग. तृतीय प्राथमिकता - कैप्टिव उद्देश्य के लिए मध्य प्रदेश सरकार के दायरे में विभाग / संगठन / उद्यमों / स्थानीय निकायों द्वारा विकसित परियोजना / पार्क, जहां नवकरणीय परियोजना से उत्पादित बिजली का 100% केवल कैप्टिव उद्देश्य के लिए उपयोग किया जाएगा

घ. अंतिम प्राथमिकता- अन्य समस्त परियोजनाऐं।

3.3 भूमि का हस्तांनातरण तथा समर्पण

3.3.1 भूमि उपयोग अनुमति का हस्तांतरण

क. यदि विकासक भूमि उपयोग अनुमति प्राप्त करने के पश्चात उसे प्रदान की गई भूमि उपयोग अनुमति को किसी तृतीय पक्ष या संबंधित पक्ष को हस्तांतरण करने का इच्छुक हो तो समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) द्वारा इसकी अनुमति इस संबंध में ऑनलाइन आवेदन के परीक्षण पश्चात प्रकरण- दर- प्रकरण आधार पर प्रदान की जा सकेगी, बशर्ते भूमि उपयोग का मुख्य प्रयोजन अपरिवर्तित रहे।

ख. समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) द्वारा जारी प्रचलित दिशा-निर्देशों के अनुसारशेष परियोजना काल हेतु हस्तांतरण समान नियम तथा शर्तों के अनुसार किया जाएगा।

ग. हस्तांतरण अनुरोध के अनुमोदन की प्राप्ति के तीस (30) दिवस के भीतर, विकासक/ पार्क विकासक को हस्तांतरण शुल्क का भुगतान करना होगा, (पुर्नपंजीयन सह सुविधा शुल्क), जो कि इन दिशा-निर्देशों के अध्याय 2 में निर्दिष्ट कि गए हैं, यह राशि पंजीकरण- सह- सुविधा शुल्क के 50 प्रतिशत की दर से देय होगी, इसके अतिरिक्त भूमि दर के रुप में देय अतिरिक्त प्रभार (differential land charges) सम्मिलित होगें।

टीप: differential land charges *उल्लेखित हस्तांतरण के समय परियोजना भूमि की लागत तथा पंजीकरण के समय भूमि की लागत का अंतर के रूप में यह राशि देय होगी।*

3.3.2 भूमि का समर्पण

क. भूमि उपयोग अनुबंध के निष्पादन पश्चात, विकासक परियोजना को क्रियाशील करने की तिथि या उससे पूर्व, या जैसा लुपा में प्रावधान किया गया हो, शासकीय भूमि को समर्पित करने हेतु स्वतंत्र होगा।

ख. विकासक द्वारा परियोजना का समर्पण किये जाने पर, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग से स्वीकृति पत्रक प्राप्त करने के नब्बे (90) दिवस के भीतर परियोजना स्थल समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) को इसकी मूल स्थिति में लौटना होगा। विकासक/ पार्क विकासक को आवेदन प्रस्तुति किये जाने तक दिए गए सभी पंजीकरण सह सुविधा शुल्क तथा भूमि उपयोग प्रभारों की प्रत्यार्पण राशि प्राप्त करने की पात्रता नहीं होगी।

3.3.3 जब तक समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) द्वारा आवश्यक ना हो अथवा अन्यथा न निर्देशित किया जाये विकासक

क. परियोजना/ पार्क जीवनकाल के अन्त में, अथवा

ख. भूमि उपयोग अनुमति के निरस्तीकरण के प्रकरण में,

अपने स्वयं के जोखिम तथा लागत पर परियोजना/ पार्क को विघटित करेगा तथा परियोजना / पार्क स्थल से समस्त संरचनाओं, संयंत्र, उपकरणों, कर्मिकों तथा मशीनरी को हटायेगा ताकि इसे मूल रूप में (लुपा से पहले की स्थिति) या किसी अच्छे उद्देश्य के लिए उपयोग के लिए उपयुक्त छोड़ा जा सके । समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) से इस आशय की सूचना (नोटिस) प्राप्त होने के पश्चात विकासक ऐसा विखण्डन कार्य सम्पन्न करने तथा स्थल को उत्तम बनाने संबंधी गतिविधियो को नब्बे (90) दिवस या भूमि उपयोग अनुमति अनुबंध (LUPA) के अनुसार, इनमें जो पूर्व में घटित हो, निष्पादित करेगा। ऐसी अवधि के पश्चात नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग को भूमि पर छोड़ी गई समस्त सम्पत्ति पर, विकासक को बिना किसी क्षतिपूर्ति भुगतान किये, उस सम्पत्ति /पर पूर्ण अधिकार होगा तथा विभाग द्वारा चयन किए गए तरीके अनुसार वह इसका निपटान कर सकेगा।

3.4 भूमि उपयोग प्रभार, कर तथा शुल्क

3.4.1 विकासक अप्रत्यर्पणीय भूमि उपयोग प्रभारों का भुगतान 50 प्रतिशत के रूप में कलेक्टर गाइडलाइन दरों पर भूमि उपयोग अनुमति अनुबंध (LUPA) की तिथि से या राजस्व विभाग द्वारा समय-समय पर जारी अन्य निर्देशों के अनुसार पांच बराबर वार्षिक किस्तों में करेगा।

3.4.2 यदि विकासक उपरोक्त उल्लेखित भुगतान 'माइलस्टोन' की पूर्ति में विफल रहता हो, तो

क. परियोजना पंजीयन को निरस्त किया जा सकता है ;

ख. विकासक को प्रकरणवार निर्धारित समय सीमाओं के भीतर जमीन खाली करना होगा।

3.4.3 विकासक यह सुनिश्चित करेगा कि आवंटित भूमि का उपयोग निर्दिष्ट प्रयोजन के अतिरिक्त किसी अन्य कार्य हेतु नहीं किया जाएगा ।

3.4.4 भूमि तथा अन्य संसाधनों का निरीक्षण, यदि कोई हो, जिसे परियोजना/ पार्क हेतु आवंटित किया गया हो, किसी भी समय मध्य प्रदेश शासन/ नोडल एजेंसी/ जिला कलेक्टर द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है ।

3.4.5 यदि भूमि तथा अन्य संसाधनों, यदि कोई हो, का संबंधित विकासक द्वारा उपयोग आवंटित प्रयोजन के अतिरिक्त किसी अन्य प्रयोजन हेतु किया जाता है, तो ऐसी आवंटन अनुमति को सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान करते हुए निरस्त किया जा सकेगा।

3.4.6 निजी भूमि की खरीद पर स्टॉम्प शुल्क का भुगतान

क. विकासक व्दारा निजी भूमि का क्रय इन दिशा-निर्देशों के अंतर्गत पंजीकृत परियोजना हेतु करता हो तो वह स्टांप शुल्क में निजी भूमि की अधिप्राप्ति हेतु 50% प्रतिपूर्ति की पात्रता रखेगा।

ख. स्टांप शुल्क की प्रतिपूर्ति परियोजना/ पार्क के क्रियाशील होने की तिथि/ कार्य पूर्ण होने के पश्चात ही देय होगी।

3.5 जल उपयोग शुल्क:

3.5.1 विकासक जल संसाधनों/ आवंटित जल स्त्रोतों को केवल गैर-खपत आधार पर परियोजना/ पार्क हेतु उपयोग करेगा।

3.5.2 विकासक को संबंधित विभाग व्दारा निर्धारित जल उपयोग प्रभारों का भुगतान, आवश्यकतानुसार देय करना होगा।

3.6 प्रगति प्रतिवेदन से संबंधित प्रावधान

3.6.1 राज्य में विकसित किये जा रहे समस्त परियोजनाओं/ पार्कों की प्रगति का निरीक्षण पंजीकरण तिथि से परियोजना/ पार्क के जीवनकाल तक समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

3.6.2 परियोजना/ पार्क विकासक समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) द्वारा वांछित प्रारूप में, परियोजना पंजीकरण तिथि से क्रियाशील किये जाने की तिथि तक त्रैमासिक ऑनलाईन प्रतिवेदन प्रस्तुत/ अद्यतन किया जाएगा

3.6.3 क्रियाशील होने के पश्चात, परियोजना/ पार्क को दैनिक, साप्ताहिक और/ या मासिक प्रगति रिपोर्ट/ नियंत्रण बोर्ड (डैशबोर्ड) समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) के आनलाईन पोर्टल पर यथा निर्देशित साझा करना होगा।

3.6.4 समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) अपने संबंधित अधिकारियों अथवा अभिकरण द्वारा प्राधिकृत तृतीय पक्ष के माध्यम से किसी पंजीकृत परियोजना/ पार्क का किसी भी समय विकास/ निर्माण/ क्रियाशीलता का, जैसा कि आवश्यक हो, निरीक्षण कार्य संचालित कर सकेंगे या फिर परियोजना/ पार्क विकासक को ऐसे तथ्यों, आंकड़ों तथा प्रतिवेदनों को किसी भी प्रयोजन हेतु प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दे सकेंगे ।

3.6.5 यदि विकासक उल्लेखानुसार माइलस्टोन का पालन करने अथवा सहायता/ सहयोग प्रदान करने में विफल रहता हो तो समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) विद्युत क्रय अनुबंध (PPA)/ आवंटन पत्र (LOA)/ भूमि उपयोग अनुमति अनुबंध (LUPA)/ कार्यादेश (WO) आदि के अनुसार उचित कार्यवाही कर सकेंगे जो औचित्यानुसार मात्र पंजीकरण, भूमि उपयोग अनुमति अनुबंध (LUPA) तथा विद्युत क्रय अनुबंध के निरस्तीकरण/ समापन मात्र तक ही सीमित न होगी।

3.6.6 माइलस्टोन और/ या परियोजना/ पार्क की प्रगति में कोई भी परिवर्तन, विस्तार, संशोधन अथवा रूपान्तरण संबंधित अनुबंधों, अर्थात भूमि उपयोग अनुमति अनुबंध (LUPA) / विद्युत क्रय अनुबंध (PPA) अथवा अन्य अनुबंधों, के अनुसारनियंत्रित होंगे ।

3.7 गुणवत्ता तथा अनुपालनों से संबंधित प्रावधान

3.7.1 परियोजना/ पार्क कार्य के क्रियान्वयन हेतु परियोजना/ पार्क के विकास कार्य के बारे में राज्य सरकार और/ या केन्द्र सरकार अथवा अन्य किसी संबंधित अभिकरण (एजेंसी) द्वारा समय-समय पर जारी सुसंगत दिशा-निर्देशों का अनुसरण किया जाना आवश्यक होगा ।

3.7.2 परियोजना/ पार्क के विकास कार्य में संयंत्र तथा उपकरण, जैसे कि विंड टरबाइन, सोलर माड्यूल्स, बायोमास परियोजनाओं हेतु BTG बैटरियों, आदि

भारत सरकार, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण या सक्षम विनियामक आयोगो के सुसंगत दिशा-निर्देशों के अनुसार होगें।

3.7.3 जब तक विशिष्ट प्रावधानों अथवा विशिष्ट दिशा-निर्देशों के माध्यम से प्रावधानित या परिवर्तन ना किया जाए, केवल नवीन संयंत्र/ उपकरणों/ कलपुर्जो पर विकसित की गई परियोजनाओं/ पाकों को स्थापना हेतु दिशा-निर्देशों के अंतर्गत प्रोत्साहनों हेतु पात्रता होगी।

3.8 अन्य प्रावधान

3.8.1 परियोजना प्रत्यार्पण

क. इन दिशानिर्देशों के खंड 1.2.3 के अनुसार परियोजना प्रत्यार्पण (project migration) की अनुमति दी जाएगी ।

ख. अतिरिक्त क्षमता के बारे में किसी प्रस्ताव को जिसमें ऊर्जा भंडारण का भी प्रावधान हो, नयी परियोजना की भांति माना जाएगा जिसके लिए अतिरिक्त पंजीकरण सह सुविधा शुल्क का भुगतान करना होगा।

3.8.2 रद्दी माल (स्क्रेप) निपटान

क. इन दिशा-निर्देशों के अधीन पंजीकृत समस्त नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को पंजीकरण के समय राज्य सरकार तथा नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार व्दारा प्रचलित नीतियों तथा दिशा निर्देशों के अनुसार अनिवार्य रूप से अक्रियाशील (डि-कमीशनिंग) एवं रद्दी माल (स्क्रैप) निपटान योजना प्रस्तुत करनी होगी।

ख. मध्य प्रदेश नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग तथा इनके प्राधिकृत प्रतिनिधि समय-समय पर परियोजना/ पार्क स्थल पर क्रियाशील करते समय तथा परियोजना पार्क के परियोजना काल के दौरान योजना तथा सुसंगत दिशा-निर्देशों के अनुसार रद्दी माल (स्क्रैप) निपटान तथा इसकी व्यवस्थाओं की जांच कर सकेगा।

3.9 कठिनाई दूर करना

क. परियोजना/ पार्क के क्रियान्वयन के दौरान कठिनाइयों के निराकरण तथा अंतर विभागीय समन्वयन तथा समस्याओं के समाधान हेतु प्रकरण, मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित की गई परियोजना क्रियान्वयन बोर्ड (प्रोजेक्ट इंप्लीमेंटेशन बोर्ड) को प्रस्तुत किए जाएंगे।

4 नीति के अधीन प्रोत्साहनों के बारे में दिशा-निर्देश:

मध्य प्रदेश नवकरणीय ऊर्जा समृद्ध राज्यों में से एक है। पूर्व की नीतियो के अधीन राज्य सरकार द्वारा विभिन्न नीतिगत प्रोत्साहनों के माध्यम से नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को प्रोत्साहित किया गया है। नवकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में तीव्रता से बदलते हुए गतिशील तथा तकनीकी विकास परिदृश्य को मान्यता प्रदान करते हुए आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश तथा हरित भारत के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए उपयुक्त नीतिगत प्रोत्साहन प्रदान करने की परिकल्पना इस नीति में की गई है।

4.1 नीति के अंतर्गत प्रोत्साहन

4.1.1 नीति तथा इन दिशा-निर्देशों के अधीन परियोजनाओं/ पार्कों की विभिन्न श्रेणियां हेतु प्रोत्साहनों को निम्नानुसार तालिका बद्ध किया गया है:

विवरण	नवकरणीय ऊर्जा परियोजना
विद्युत शुल्क	दस वर्षों के लिये शत प्रतिशत छूट
ऊर्जा विकास उपकर (सेस)	दस वर्षों के लिये शत प्रतिशत छूट
स्टांप डयूटी	प्राइवेट जमीन खरीद पर 50प्रतिशत प्रतिपूर्ति
व्हीलिंग प्रभार	50 प्रतिशत 5 वर्षों के लिए उपलब्ध
कार्बन क्रेडिट	प्रचलित दिशा-निर्देशों के अनुसार
शासकीय भूमि दर*	वृत्त दर पर 50 प्रतिशत रियायत

*तीसरे पक्ष की बिक्री / केप्टिव उपयोग के लिए स्थापित की गयी नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को शासकीय भूमि प्रदान नहीं की जाएगी।

**केवल वह परियोजना जो नवकरणीय ऊर्जा के अनुसार न्यूनतम आवश्यकता की पूर्ति करती है को उपरोक्त प्रात्साहनों की पात्रता होगी।

4.1.2 परियोजनाओं/ पार्को के लिये एक ही प्रकार के प्रोत्साहन के लिए राज्य सरकार या केन्द्र सरकार की भिन्न-भिन्ननीतियों के प्रावधानों के अन्तर्गत दोहरे लाभ का उपयोग नही किया जाएगा।

4.1.3 मध्य प्रदेश नवकरणीय ऊर्जा नीति 2022 के प्रावधान के अनुसार नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोत आधारित ऊर्जा भंडारण परियोजना के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन उपलब्ध है। ऊर्जा भंडारण परियोजनाओं का विकास करने वाली मौजूदा नवकरणीय ऊर्जा परियोजना केवल ऊर्जा भंडारण घटक के लिए प्रोत्साहन का लाभ उठाने के लिए तभी पात्र होंगी, जबकि ऐसी परियोजना नीति अनुसार संबंधित नियमों व शर्तों को पूर्ण करती हो और इन दिशानिर्देशों के प्रावधान के अनुसार पंजीकरण-सह-सुविधा शुल्क जमा करा दिया गया हो।

4.2 पुनर्विद्युतीकरण और अथवा नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का तकनीक उन्नयन हेतु प्रोत्साहन

4.2.1 नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं का पुनर्विद्युतीकरण (repowering) या तकनीक उन्नयन (technology up gradation) कार्य परियोजना विकासक तथा विद्युत क्रेता के मध्य परस्पर सहमति के आधार पर अथवा उनके मध्य निष्पादित लागू अनुबंधों के प्रावधानों के अनुसार सम्पन्न किया जाएगा।

4.2.2 मध्य प्रदेश राज्य की एम.पी.पावर मैनजमेंट कंपनी लिमिटेड / विद्युत वितरण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा विद्युत क्रय अनुबंध के माध्यम से क्रय की जा रही विद्युत के प्रकरण में पुनर्विद्युतीकरण अथवा और तकनीक उन्नयन संबंधी अनुरोध की प्रस्तुति से पूर्व, पिछले तीन वर्षो की औसत , उत्पादित विद्युत को एम.पी.पावर मैनजमेंट कंपनी लिमिटेड / विद्युत वितरण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा लागू विद्युत क्रय अनुबंध की कालावधि के दौरान क्रय किया जाना जारी रखा जाएगा। इसके अलावा, पीपीए (PPA) अवधि को, पुनर्शक्ति (repowering) अवधि के दौरान उत्पादन के नुकसान, यदि कोई हो, की भरपाई के लिए उचित रूप से बढ़ाया जा सकता है। पॉलिसी और पीपीए (PPA)/ अनुबंध के बीच किसी भी विसंगति के मामले में, पीपीए (PPA)/ अनुबंध की शर्तें लागू होंगी।

4.2.3 राज्य सरकार द्वारा यह प्रयास किया जाएगा कि क्षमता उन्नयन हेतु अतिरिक्त भूमि की व्यवस्था, यदि आवश्यक हो तो परियोजना विशेष की योग्यता के आधार पर उपलब्ध कराई जाएगी।

4.2.4 विद्यमान भूमि उपयोग अनुमति अनुबंध (LUPA) के अधीन भूमि उपयोग अनुमति की समयवधि का विस्तार नोडल एजेंसी की अनुशंसा पर परियोजना के पुनरीक्षित उपयोगी जीवनकाल हेतु किया जा सकेगा तथा इस हेतु विकासक को अवधि हेतु शत-प्रतिशत DLC rate का भुगतान करना होगा।

4.2.5 नवीन पूलिंग स्टेशन हेतु विद्युत निकास सुविधा अथवा पुर्नविद्युतीकरण के कारण अतिरिक्त क्षमता उन्नयन हेतु विद्यमान विद्युत उपकेंद्र के लिए आवर्धन के लिये अनुमति मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा Load Flow Studies तथा उपलब्ध क्षमता के आधार पर प्रदान की जा सकेगी। तथापि इस सुविधा के सृजन हेतु व्यय की जाने वाली अतिरिक्त राशि को एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा निर्धारित किए गए प्रभारों के अनुसार विकासक व्दारा देय किया जाएगा।

4.2.6 परियोजना विकासक द्वारा विद्यमान नवकरणीय ऊर्जा परियोजना के मुख्य उपकरणों/ कलपुर्जो को राज्य तथा केंद्र सरकार के प्रचलित मानदंडों के अनुसार बदलना होगा। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश तथा प्रक्रियाओं को राज्य की पुर्नविद्युतीकरण की आवश्यकता के आधार पर जारी किया जा सकता है।

4.3 **सामान्य प्रोत्साहन**

4.3.1 पात्रता रखने वाली परियोजनाओं के लिये कोई Sustainability benefits, जैसे कि स्वच्छ विकास (clean Development Mechanism) लाभ, या इसी प्रकार के अन्य प्रोत्साहनों संबंधित प्राधिकारियों द्वारा समय पर किये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार ऐसी परियोजनाओं के लिये प्राप्त किये जा सकेंगे। ऊर्जा की हरित विशेषता (attribute) के उपयोग में अनिश्चितता के किसी प्रकरण में जिसमें विद्युत/ऊर्जा, भी शामिल है एम.पी पावर मैनेजमेंट कंपनी/ म.प्र. की वितरण कंपनियों के हितों को किसी अन्य इकाई द्वारा ऐसी विशेषता से होने वाले लाभ पर प्राथमिकता दी जाएगी।

5 नवकरणीय ऊर्जा उपकरण तथा ग्रीन हाइड्रोजन को प्रोत्साहन हेतु दिशा-निर्देश:

मध्यप्रदेश सरकार राज्य में नवकरणीय ऊर्जा उपकरणों के नवाचार और निर्माण को बढ़ावा देगी। जहां तक संभव हो नवकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माण इकाई को हरित विनिर्माण की अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए राज्य के भीतर नवकरणीय ऊर्जा विकासक द्वारा उत्पादित और आपूर्ति की गई बिजली का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा, मध्यप्रदेश शासन सरकार राज्य में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन को भी प्रोत्साहित करेगी।

5.1 नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण, इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण और ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन हेतु प्रोत्साहन

5.1.1 नवकरणीय ऊर्जा उपकरण, नवकरणीय ऊर्जा का उपयोग कर इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण और ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन विनिर्माता द्वारा यथा संशोधित मध्यप्रदेश औद्योगिक संवर्धन नीति 2014 के प्रावधानों के अनुसार प्रोत्साहन का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। ऐसे समस्त पात्र निर्माता/उत्पादक को जो इस नवकरणीय ऊर्जा नीति की अधिसूचना जारी होने के उपरांत उत्पादन की इकाइयों की स्थापना करते हैं, उन्हें निम्नलिखित प्रोत्साहन प्रदाय किय जाएगें :

सरल क्रमांक	विवरण	प्रोत्साहन
1	प्रचलित विद्युत टैरिफ पर छूट	मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग वि.नि.आ. द्वारा निर्धारित विद्युत दर (टैरिफ) पर रू.1 प्रति यूनिट की छूट प्रदान की जाएगी ; यह प्रावधान नीति की अधिसूचना तिथि से दस वर्ष के लिये लागू होगा।
2	रियायती दर पर शासकीय भूमि पर	जिला वृत दर का 50% की रियायत या फिर मध्यप्रदेश की औद्योगिक संवर्धन नीति के अनुसार निर्धारित दरों पर
3	विद्युत शुल्क में छूट (waiver)	शत प्रतिशत, दस वर्षो के लिये
4	निजी भूमि के क्रय पर स्टाम्प शुल्क की प्रतिपूर्ति	शत प्रतिशत
5	ब्याज राज्यानुदान (सब्सिडी)	औद्योगिक संवर्धन नीति में दिये गये विवरणों के अनुसार
6	बौद्धिक पूंजी (Intellectual Capital) तथा (Enhanced Quality Certification)	औद्योगिक संवर्धन नीति में दिये गये विवरणों के अनुसार

7	एकल विंडो स्वीकृति	उपलब्ध कराई जाएगी
8	पूंजी निवेश संवर्धन सहायता (IPA)	यथा संशोधित म.प्र. औद्योगिक नीति 2014 के प्रावधानों के अनुसार

5.1.2 मध्य प्रदेश औद्योगिक संवर्धन नीति तथा मध्य प्रदेश नवकरणीय ऊर्जा नीति 2022 में किसी विसंगति या विरोधाभास की स्थिति में मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा नीति के प्रावधान इन दिशा-निर्देशों की कंडिका 5.1.1 (जो विनिर्माण संबंधी तथ्यों के बारे में है) तथा कंडिका 5.5 (जो योग्यता के बारे में है) में वर्णित विनिर्माण संबंधित प्रोत्साहनों के संबंध में प्रभावी होंगे।

5.1.3 पात्र विनिर्माण इकाइयों को प्रोत्साहन का लाभ उठाने के लिए मध्य प्रदेश में औद्योगिक विभाग में लागू नीति के अंतर्गत पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।

5.1.4 इलेक्ट्रोलाइजर निर्माता और ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादक को परियोजना पंजीकरण के समय मध्य प्रदेश के स्टाम्प अधिनियम के अनुसार उचित मूल्य के गैर-न्यायिक स्टाम्प पेपर पर विनिर्माण गतिविधि के लिए केवल नवकरणीय ऊर्जा का उपयोग करने का Undertaking प्रस्तुत करना होगा। पूरे परियोजना अवधि के दौरान इस शर्त के उल्लंघन करने पर निर्माता/उत्पादक सभी प्रोत्साहनों (यदि कोई लाभ उठाया गया है) को वापस करने के लिए उत्तरदायी होगा।

5.2 आवश्यक पात्रता

5.2.1 नीतिगत प्रोत्साहनों का लाभ उठाने के लिए, निर्माण इकाई को उद्योग/एमएसएमई विभाग में परियोजना को पंजीकृत कराना होगा।

5.2.2 प्रोत्साहन नीचे दी गई तालिका के अनुसार निवेश के आधार पर प्रदान किया जाएगा:

विवरण	**निवेश < 50 करोड़ रुपये**	**निवेश => 50 करोड़ रुपये**
नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण इकाइयां	उद्योग / एमएसएमई विभाग की संबंधित नीति के अधीन सामान्य लाभों/ इंसेटिव प्राप्त करने की पात्रता होगी	औद्योगिक प्रोत्साहन नीति के तहत नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र के लिए निर्धारित विशेष प्रोत्साहन प्राप्त करने की पात्रता होगी
नवकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बिजली का उपयोग कर इलेक्ट्रोलिसिस प्रक्रिया या किसी अन्य	उद्योग / एमएसएमई विभाग की संबंधित नीति के अधीन सामान्य लाभों/	औद्योगिक प्रोत्साहन नीति के तहत नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र के लिए निर्धारित विशेष

वाणिज्यिक प्रक्रिया द्वारा "ग्रीन हाइड्रोजन" का उत्पादन करने वाली इकाइयां	इंसेटिव प्राप्त करने की पात्रता होगी	प्रोत्साहन प्राप्त करने की पात्रता होगी
इलेक्ट्रोलाइजर के निर्माण के लिए **नवकरणीय ऊर्जा** स्रोतों से बिजली का उपयोग करने वाली इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण इकाइयां	उद्योग / एमएसएमई विभाग की संबंधित नीति के अधीन सामान्य लाभों/ इंसेटिव प्राप्त करने की पात्रता होगी	औद्योगिक प्रोत्साहन नीति के तहत नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र के लिए निर्धारित विशेष प्रोत्साहन प्राप्त करने की पात्रता होगी
इलेक्ट्रोलाइजर के निर्माण के लिए **गैर नवकरणीय ऊर्जा** स्रोतों से बिजली का उपयोग करने वाली इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण इकाइयां	उद्योग / एमएसएमई विभाग की संबंधित नीति के अधीन सामान्य लाभों/ इंसेटिव प्राप्त करने की पात्रता होगी	

टीप: (1) नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहनों को सूचीबद्ध करते हुए औद्योगिक प्रोत्साहन नीति में एक अलग खंड तैयार किया जाएगा।

(2) ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्र और ग्रीन हाइड्रोजन के परिवहन और भंडारण के लिए विकसित की गई कोई भी अवसंरचना औद्योगिक संवर्धन नीति में नवकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र के संवर्धन के लिए उपलब्ध प्रोत्साहनों का लाभ उठाने के लिए पात्र नहीं होगी

5.2.3 इस नीति की अधिसूचना के बाद निवेशित ग्रीनफ़ील्ड परियोजनायें हीइस नीति एवं इन दिशा निर्देशों के अंतर्गत प्रोत्साहन के लिए पात्र होंगी।

5.2.4 31 मार्च 2027 को या इससे पूर्व क्रियाशील इकाईयां, जो नवकरणीय ऊर्जा उपकरणों का उत्पादन करती हों, को ही नीति में किए गए प्रावधानों के अंतर्गत प्रोत्साहनों की पात्रता होगी।

5.2.5 विनिर्माण परियोजनाओं के अंतर्गत लगने वाली अपरिष्कृत या कच्ची तथा Semi-finished सामग्री के 50% से अधिक अंश का स्त्रोत भारत या विशेषत: मध्यप्रदेश राज्य से होना चाहिये ।

5.2.6 विनिर्माता कंपनी का पंजीकरण भारत में होना चाहिए तथा पंजीकरण की तिथि को उसका नेटवर्थ, कमिटेड इंवेस्ट्मेंट का 35% से अधिक होना चाहिए।

5.2.7 अन्य पात्रता आवश्यकता, उद्योग/एमएसएमई विभाग की संबंधित नीति के अनुसार होगी।

5.3 आवेदन तथा प्रशासनिक अनुमोदन

5.3.1 मध्य प्रदेश का उद्योग विभाग/ एमएसएमई विभाग परियोजना को पंजीकृत करने और लागू प्रोत्साहनों के वितरण के लिए नोडल विभाग होंगे। विनिर्माता को निवेश के आकार के आधार पर लागू नोडल विभाग से संपर्क करने की आवश्यकता होगी ।

5.3.2 ईज ऑफ डूईंग बिजनेस(EODB)

क. शासन राज्य में कारोबार को सुविधाजनक बनाने एवं EODB वातावरण को बढावा देने तथा पोषित करने हेतु वचनबद्ध है। इस पक्ष की समय-समय पर औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा समीक्षा की जाती है। इसके अतिरिक्त सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उदयोगग को, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्ययोग विभाग प्रोत्साहित करता है।

ख. नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विनिर्माण ईको सिस्टम को बढावा देने के लिए इन दिशा निर्देशों के अंतर्गत समय-समय पर आवश्यक कदम उठाये जायेगें।

5.4 प्रशिक्षण तथा अनुसंधान एवं विकास से संबंधित प्रावधान

5.4.1 मध्यप्रदेश शासन प्रमुख तकनीकी संस्थाओं, अनुसंधान संस्थाओं, सार्वजनिक अथवा निजी संगठनों के साथ मिलकर नवकरणीय ऊर्जा आधारित विदुयत उत्पादन और खपत के लिए जरूरी नेटवर्क और मार्गदर्शी अध्ययन करायेगी। ऐसी पहल हेतु अनुकूल वित्तीय सहायता तथा सहयोग प्रकरण-दर-प्रकरण आधार पर प्रदान किया जाएगा।

5.4.2 राज्य सरकार शीर्ष 5 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों/ डिप्लोमा संस्थाओं/ महाविद्यालयों से गठबंधन करेगी तथा शिक्षाविदों का चयन लोगों के स्थानीय प्रशिक्षण हेतु, नवकरणीय ऊर्जा उद्योग के क्षेत्र में उन्हें रोजगार उन्मुख बनाने में करेगी।

5.4.3 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों/ डिप्लोमा संस्थाओं/ महाविद्यालयों का चयन तथा शिक्षाविदों के चयन हेतु सूचीबद्ध करने के मापदण्डों का पृथक से अधिसूचित किया जाएगा।

5.4.4 मध्यप्रदेश शासन द्वारा एक विश्वविद्यालय को नवकरणीय ऊर्जा के उत्कृष्ट केंद्र के रूप में नामांकित किया जाएगा तथा इसे विश्वविद्यालय के अंतर्गत नवकरणीय ऊर्जा अनुसंधान तथा विकास विभाग के रूप में विकसित किया जाएगा। इस प्रकार के केन्द्र के बारे में विस्तृत मापदण्ड तथा कार्यक्षेत्र पृथक से अधिसूचित किया जाएगा।

5.5 कॉरपोरेट तथा सामाजिक सहभागिता संबंधी प्रावधान:

आर्थिक तथा सामाजिक कल्याण में औद्योगिकी घरानों की बहुमूल्य भूमिका को दृष्टिगत रखते हुए इन दिशा-निर्देशों में निम्न प्रावधान किए गए है:

5.5.1 **कॉरपोरेट** सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) / उद्योगों की अन्य निधि के उपयोग द्वारा प्रशिक्षण तथा कौशल विकास के लिए अनुकूल वातावरण का सृजन करना। इस हेतु राज्य सरकार द्वारा सार्वजनिक तथा निजी साझेदारी मॉडल को प्रोत्साहित किया जाएगा। सक्षम प्राधिकारी द्वारा इस हेतु समय-समय पर विशेष आदेश जारी किए जाएंगे।

5.5.2 **कॉरपोरेट** या व्यवसायियों को राज्य शासन या निजी संस्थाओं के साथ उन्नत और प्रगतिशील तकनीक का उपयोग कर **कॉरपोरेट** सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) / अन्य निधियों के माध्यम से सह-निवेश करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

5.5.3 राज्य सरकार द्वारा नवकरणीय ऊर्जा तथा संबधित उभरते हुए क्षेत्रों के सुसंगत एवं Scalable Demonstration Projects की वित्तीय आवश्यकताओं की 20% राशि तक की व्यवस्था की जा सकेगी।

5.5.4 उद्योग तथा व्यवसायी, जो नवकरणीय ऊर्जा क्षमता विकास, विशेष रूप से रूफटॉप सोलर हेतु उनकी CSR निधि के माध्यम से निवेश या सहायता प्रदान करते हैं, उन्हें किसी अन्य उद्यम क्षेत्रों में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी है।

6 हरित गृह शहर/ ग्रामों हरित परिक्षेत्र के प्रोत्साहन हेतु दिशा-निर्देश

6.1 हरित शहर/ ग्राम

6.1.1 लक्ष्य एवम विस्तार

क. नीति अवधि के दौरान 10 धरोहर (हेरिटेज) नगरों, पर्यटक स्थलों या राष्ट्रीय/ अर्न्तराष्ट्रीय महत्व के स्थानों को सम्मिलित किया जाएगा।

ख. इन शहरों/ नगरों/ स्थानों में लक्षित उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत खपत के निम्न अंश की पूर्ति नवकरणीय ऊर्जा आधारित विद्युत उत्पादन के माध्यम से की जाए:

स.क्र.	उपभोक्ताओं का प्रकार तथा श्रेणी	कुल वार्षिक विद्युत खपत में नवकरणीय ऊर्जा खपत का अंशदान
1	घरेलू उपभोक्ता	75 प्रतिशत
2	वाणिज्यिक उपभोक्ता	75 प्रतिशत
3	धार्मिक या सांस्कृतिक महत्व के भवन या संरचनाएं	100 प्रतिशत

इसके अतिरिक्त नगरों की खपत हेतु विद्युत की समान मात्रा की प्राप्ति नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से की जाएगी।

ग. उपरोक्त लक्ष्य उपभोक्ताओं के प्रकार/ श्रेणी हेतु क्षेत्र की कुल खपत का संचयी योग है ,

घ. जब तक अन्यथा परिवर्तित या प्रावधानित न किया जाए, प्रथम चरण में उपरोक्त लक्षित उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत आधारित नवकरणीय ऊर्जा तथा संबधित तकनीक से न्यूनतम 30 प्रतिशत खपत से प्रारंभ करते हुए, नीति अवधि के दौरान, अर्थात वर्ष 2027 में, या इससे पूर्व, लक्ष्यों में घनात्मक रूप से वृद्धि की जाएगी ।

ङ. विद्युत उत्पादन का स्त्रोत राज्य में कहीं भी स्थापित किया जा सकेगा, इसे खपत स्थल के समीप रखा जाना श्रेयस्कर होगा।

6.1.2 हरित शहरों/ ग्रामों हेतु संवर्धात्मक उपाय

क. प्रथम चरणों में दो शहरों – सांची और खजुराहों में पायलट तौर पर लागू किया जाएगा। इनसें मिले अनुभव के आधार पर अन्य शहरों के चयन और रूपान्तरण में इसे प्रयुक्त किया जायेगा।

ख. तकनीकी संभाव्यता तथा स्थानिक उपयुक्तता के आधार पर एकल अथवा नवकरणीय ऊर्जा तकनीक के संयोजन को उक्त रूपान्तरण हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

ग. जब तक इन दिशा-निर्देशों में अन्यथा प्रावधान न किया जाए, योजना में सहभागिता स्वैच्छिक आधार पर होगी तथा इच्छुक उपभोक्ताओं या उपभोक्ताओं के समूह द्वारा इसे सक्रिय सहभागिता द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा।

घ. विद्युत खपत को लक्षित उपभोक्ताओं हेतु नवकरणीय ऊर्जा आधारित खपत में रूपांतरित करने हेतु निम्न मानदंड अपनाया जा सकेगा:

a. सार्वजनिक महत्व की समस्त संस्थायें जो दिन के समय प्रातः 8:00 बजे से 6:00 बजे तक संचालित की जाती है, उनकी विद्युत खपत नवकरणीय ऊर्जा आधारित उत्पादन से किया जाना मानते हुए, सुनिश्चित की जाएगी। ये संस्थायेंइस प्रकार हैं- शालाएं, सार्वजनिक वितरण केंद्र, आंगनवाड़ी केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आदि।

b. धार्मिक तथा सांस्कृतिक महत्व के भवनों या संरचनाओं के संबंध में अनिवार्य रूप से यह सुनिश्चितकिया जाएगा कि वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति नवकरणीय ऊर्जा आधारित विद्युत उत्पादन से कर रहे है।

c. यह लक्ष्य रखा जाएगा कि क्षेत्र के समस्त घरेलू उपभोक्ताओं को अपनी ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति नवकरणीय आधारित विद्युत उत्पादन से किये जाने बाबत प्रोत्साहित किया जाए, विशेषकर वे जिनका संयोजित भार 6 किलोवाट से अधिक है।

ङ. नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा से संबंधित निम्नांकित कार्यों तथा सेवाओं को राज्य सरकार/ नोडल एजेंसी संबंधित उपभोक्ताओं द्वारा मांग किये जाने पर या स्वप्रेरणा से जैसा उचित हो, सुगम बनाया जाएगा:

a. विस्तृत प्रणाली अध्ययन तथा आवश्यकता आंकलन;

b. परियोजना निष्पादन अभिकरणों (एजेंसी) के चयन हेतु बोली प्रक्रिया (बिडिंग) तथा निविदा प्रक्रिया (टेंडरिंग)

c. परियोजनाओं हेतु राज्यानुदानों (सब्सिडी) तथा स्वीकृति हेतु व्यवस्था तथा वितरण यदि प्रयोज्य हो।

d. राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय वित्त प्रबंधन अभिकरणों से निधि की व्यवस्था को सुगम बनाना, यदि आवश्यक हो।

6.2 कार्यप्रणाली

6.2.1 ग्रीन शहरों/ ग्रामों में लक्षित नवकरणीय ऊर्जा क्षमता (penetration) (जो ऊर्जा मिश्र का 30 प्रतिशत होगा) की प्राप्ति उपलब्ध किन्हीं भी विकल्पों या

फिर उनके संयोजन के उपयोग द्वारा की जाएगी जैसा तकनीकी रूप से साध्य हो;

क. केन्द्रीकृत या विकेन्द्रीकृत उपलब्ध नवकरणीय ऊर्जा तकनीक में से किसी एक का उपयोग करके शहरों की सीमा में व्यवसायिक रूप से उपलब्ध नवकरणीय ऊर्जा परियोजना की स्थापना।

ख. गावों या शहरों की सीमा के बाहर नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना नेट-जीरों कार्बन संकल्पना के आधार पर होगी।

6.2.2 नवकरणीय ऊर्जा क्षमता (penetration) के वांछित स्तर की प्राप्ति हेतु शहर/ ग्राम के हरितीकरण (greening) का लक्ष्य बहुचरणों में प्राप्त किया जाएगा।

6.3 **ग्रीन जोन:**

6.3.1 राज्य में समर्पित रूप से बडे उद्योगों हेतु ग्रीन जोन विकसित किये जाएंगे। ग्रीन जोन में शत-प्रतिशत विद्युत प्रदाय नवकरणीय ऊर्जा स्रोतों से की जाएगी।

6.3.2 ग्रीन जोन में कार्यालय स्थापित करने या ग्रीन जोन के अंतर्गत स्वयं के (केप्टिव) खपत हेतु नवकरणीय ऊर्जा संयंत्र विकसित करने वाली इकाइयों को निम्न प्रोत्साहन प्रदान किए जाएंगे

क. शत-प्रतिशत विद्युत कर से 10 वर्षो तक मुक्ति

ख. ग्रीन जोन में निजी भूमि खरीदी पर शत-प्रतिशत स्टॉप डयूटी की पूतिपूर्ति

ग. प्रथम आओ प्रथम पाओ के आधार पर राजस्व भूमि 50% DLC रेट पर भूमि उपलब्धता के आधार पर प्रदान की जायेगी।

घ. एम.पी.पावर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा प्राथमिकता के आधार पर ग्रिड सबस्टेशन का विस्तार और नये सबस्टेशन एवं निकासी लाइन का निर्माण किया जायेगा।

6.4 **ग्रीन मोबिलिटी**

6.4.1 ग्रीन तथा ई- मोबिलिटी ग्रीन शहरों/ नगरों तथा ग्रीन जोन का अविभाज्य भाग होगा।

6.4.2 राज्य सरकार हरित शहरों/ नगरों तथा इनके अंतर्गत हरित परिक्षेत्रों में ई-गतिशीलता हेतु पर्याप्त अधोसंरचना तथा अनुकूलन को विकसित करने हेतु उपयुक्त मॉडल का अन्वेषण करेंगी।

6.4.3 ग्रीन जोन को अनिवार्य रूप से वर्ष 2027 के अंत तक चरणोबद्ध रूप में शत प्रतिशत ग्रीन या ई-गतिशीलता हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

6.4.4 मध्य प्रदेश विद्युत वाहन नीति, 2019 के प्रावधानों के अनुसार सार्वजनिक परिवहन हेतु ई-बसें, ई-रिक्शा तथा ई-आटो, का चरणोबद्ध रूप में सम्मिलित किए जाएंगे।

6.4.5 मध्यप्रदेश नगरीय विकास एवं आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन मध्य प्रदेश विद्युत वाहन नीति 2019 के क्रियान्वयन हेतु समन्वय विभाग (Nodal Department) होगा तथा नोडल एजेंसी इन दिशा-निर्देशों के क्रियान्वयन हेतु समन्वय करेगा।

6.5 **हरित शहरों/ नगरों/ गामों हेतु प्रक्रम**

6.5.1 प्रथम चरण में निम्न कदम उठाये जाएंगे:

- **ग्रीन विद्युत उपकेन्द्र (सबस्टेशन):** ग्रीन रूपान्तरण का कार्य विद्युत उपकेन्द्र स्तर से प्रारंभ किया जाएगा। ग्रीन उपकेन्द्र के समस्त फीडर्स को तकनीकी साध्यता के आधार पर नवकरणीय ऊर्जा विद्युत प्रदाय की जाएगी । अप्रत्यक्ष रूप से ग्रीन ऊर्जा उपयोग के लिए, इन उपकेंद्रों की कुल ऊर्जा मांग की आपूर्ति, समतुल्य नवकरणीय ऊर्जा के माध्यम से की जाएगी।
- **ग्रीन विक्रय (ग्रीन वेंडिंग):** फेरीवालों तथा छोटे विक्रेताओं को सौर लालटेन के उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। फेरीवालों तथा अन्य छोटे दुकानदारों को मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम में सूचीबद्ध एजेंसी से सौर लालटेन क्रय करने पर उपयुक्त पूंजीगत सहायता अनुदान (सब्सिडी) प्रदान की जाएगी।
- **ग्रीन सडक (स्ट्रीट्स):** सौर ऊर्जा चलित ऊर्जा स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए वर्तमान स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को सौर ऊर्जा चलित स्ट्रीट लाइट में परिवर्तन हेतु योजना जिला प्रशासन तथा विभाग के अधिकारियों के समन्वय से विकसित की जाएगी।

6.5.2 द्वितीय चरण में निम्न कदम उठाए जाएंगे

- **ग्रीन घर:** रहवासी कल्याण संस्थाओं तथा बहुमंजिला भवनों के रहवासियों को सार्वजनिक स्थानों तथा निजी निवास स्थान पर नवकरणीय ऊर्जा के उपयोग हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।
- **ग्रीन आवास (ग्रीन रेसीडेंस):** 6 किलोवाट से अधिक क्षमता के विद्युत भार से संयोजित निजी आवासों के रहवासियों को उनके संयोजित भार के 50 प्रतिशत तक तकनीकी साध्यता अनुसार सौर रूफटॉपस्थापना हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा ।
- **ग्रीन संस्थाएं:** 6 किलोवाट से अधिक भार से संयोजित वाणिज्यिक संस्थाओं के लिये संयोजित भार के 50 प्रतिशत तक उनकी तकनीकी साध्यता अनुसार सौर रूफटॉप की स्थापना हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा ।
- **ग्रीन मोबिलिटी:** विद्युत वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु ग्रीन शहरों/ ग्रामों के अन्तर्गत चार्जिंग स्टेशन विकसित किये जाएगे। ऐसे चार्जिंग

स्टेशन जो नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से न्यूनतम 50 प्रतिशत ऊर्जा प्राप्त करते हों, को निम्नांकित प्रोत्साहन प्राप्त करने की पात्रता होगी:

- ✓ मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अनुमोदन की दशा में, इस नीति के लागू होने से दस वर्ष के लिये मध्यप्रदेश राज्य में स्थित नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं से उत्पादित ऊर्जा के क्रय पर किसी प्रकार के ओपेन एक्सेस चार्जेस अधिरोपित नहीं किये जाऐंगे।

6.5.3 तृतीय चरण में निम्न कदम उठायें जाएंगे :

- **सामुदायिक नवकरणीय ऊर्जा उत्पादन:** ग्रामों/ शहरों को ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति हेतु नवकरणीय ऊर्जा आपूर्ति के प्रयास किए जायेंगे । इस हेतु सामुदायिक नवकरणीय ऊर्जा विद्युत संयंत्र के विकास को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस नीति के अंतर्गत लागू समस्त इंसेंटिव सामुदायिक/ रहवासी कल्याण सोसायटी/ ग्राम पंचायतों आदि द्वारा विकसित किए गए नवकरणीय ऊर्जा संयंत्रों को भी प्राप्त होंगे।
- **समुदाय आधारित बायोगैस उत्पादन:** सामुदायिक बायोगैस संयंत्र विकासकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। —प्रकरण विशेष के आधार पर इस नीति आधारित इंसेंटिव सामुदायिक/ रहवासी/ कल्याण सोसायटी/ ग्राम पंचायतों आदि द्वारा विकसित किए गए ऐसे बायोगैस संयंत्र पर भी लागू होंगे।
- **अक्षय ग्राम:** चिन्हांकित ग्रामों के समस्त घरों को नवकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति की जाएगी। नवकरणीय उर्जा विद्युत संयंत्रों को या तो सामुदायिक आधार पर ग्राम के रहवासियों द्वारा या ग्राम के आसपास उपलब्ध बंजर भूमि पर विकासकों द्वारा विकसित किया जाएगा। इस नीति आधारित समस्त इंसेंटिव अक्षय ग्रामों के लिए भी लागू होंगे।

7 हरित कार्यालय के संवर्धन हेतु दिशा-निर्देश:

मध्य प्रदेश शासन द्वारा अपने कार्यालयों को 'हरित कार्यालय' के रूप में विद्युत खपत के रूप में नेट जीरो कार्बन फुट प्रिंट के अनुसार रूपांतरित किया जाएगा। शासकीय कार्यालय भवन में विद्युत प्रदाय हेतु बैटरी ऊर्जा भंडारण को नवकरणीय ऊर्जा तकनीक से संयोजन को प्रोत्साहित किया जाएगा।

7.1 लक्ष्य एवम विस्तार

7.1.1 जब तक इन दिशा निर्देशों के अंतर्गत अन्यथा प्रावधानित न हो, शासकीय कार्यालयों को वर्ष 2027 तक अनिवार्य रूप से अपनी सम्पूर्ण विद्युत खपत नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों पर आधारित सुनिश्चित करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।

7.1.2 यह लक्ष्य रखा जाएगा कि चिन्हित उपभोक्ता खण्डों द्वारा विद्युत खपत के निम्न अंशदान की पूर्ति नवकरणीय ऊर्जा आधारित विद्युत उत्पादन के माध्यम से की की जाए:

स.क्र.	उपभोक्ताओं का प्रकार/ श्रेणी	कुल वार्षिक खपत में खपत का अंशदान
1	तहसील/ विकास खण्ड/ ग्राम स्तरीय सार्वजनिक कार्यालय	100 प्रतिशत
2	जिला स्तरीय सार्वजनिक कार्यालय	75 प्रतिशत
3	राज्य स्तरीय सार्वजनिक कार्यालय	75 प्रतिशत
4	वल्लभ भवन, विंध्यांचल भवन तथा सतपुड़ा भवन	50 प्रतिशत
5	शासकीय कर्मचारी आवास/ बंगले	50 प्रतिशत

7.1.3 जब तक परिवर्तित या प्रावधान न किया जाए नीति अवधि के दौरान वर्ष 2027 तक या पहले उपरोक्त लक्ष्य घनात्मक रूप से प्राप्त किये जाएंगे।

7.1.4 विद्युत उत्पादन का स्त्रोत राज्य में कहीं भी स्थित होगा, तदापि खपत स्थल के समीप होने के लिए प्राथमिकता दी जाएगी।

7.2 ग्रीन कार्यालय हेतु प्रावधान'

7.2.1 सम्पूर्ण राज्य के समस्त शासकीय/ सार्वजनिक कार्यालयों को विद्युत खपत के प्रयोजन हेतु एकल इकाई घोषित किया जाएगाअ।

7.2.2 मध्य प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर आवश्यकतानुसार 'हरित कार्यालय' के अंतर्गत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु अन्य समर्थन अथवा सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

8 संसाधन आंकलन एवं नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोत परिक्षेत्रों हेतु दिशा-निर्देश

8.1 नवकरणीय ऊर्जा परिक्षेत्रों का आकलन

8.1.1 राज्य में नवकरणीय ऊर्जा संसाधनों के आर्थिक रूप से उचित नियोजन तथा दक्ष उपयोग हेतु संसाधनों का आंकलन समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) द्वारा किया जाएगा।

8.1.2 संसाधन आंकलन के आधार पर, नवकरणीय ऊर्जा मानचित्र विभिन्न नवकरणीय ऊर्जा तकनीक हेतु तैयार किये जाऐंगे।

8.1.3 कोई भी अभिकरण, जो राज्य में नवकरणीय ऊर्जा संसाधन आकलन संचालित करने का इच्छुक हो, द्वारा समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) से इस प्रयोजन हेतु विकसित किये ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अनुमति प्राप्त करनी होगी ।

8.1.4 नवकरणीय ऊर्जा आंकड़े तथा मानचित्र समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) के ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध कराये जाने होंगे।

8.1.5 परियोजना विकासक द्वारा समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) के पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों का उपयोग किया जा सकेगा। तथापि, परियोजना विकासकों को पूर्व- साध्यता पर या परियोजना के निष्पादन से पूर्व अपना स्वयं का संसाधन आंकलन संचालित करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) परियोजना विकासक द्वारा ऐसे नवकरणीय ऊर्जा संसाधन के आंकड़ों का उपयोग व्यवसायिक रूप से करने या वाणिज्यिक निर्णय लेने में, किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

8.1.6 नोडल एजेंसी विकासकों या अन्य अभिकरणों को स्वीकृतियों अनापत्ति प्रमाण पत्रों, पंचायत स्तरीय अनुमोदनों हेतु जो संसाधनों के परियोजना विशिष्ट आकलन हेतु संसाधन अनुश्रवण केन्द्रों की (RMS) स्थापना हेतु आवश्यक हों, हेतु समय-समय पर सहयोग प्रदान करेगा ।

8.1.7 विकासक नोडल एजेंसी अथवा भारत सरकार, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा जारी पवन ऊर्जा, सौर ऊर्जा या अन्य नवकरणीय ऊर्जा संसाधनों के अध्ययन बारे में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुसरण करेगा। इन दिशा-निर्देशों के अभाव में विकासक को भारत तथा विदेशों में अपनाए जा रहे तकनीकी सर्वोत्तम संव्यवहारों का अनुसरण नवकरणीय ऊर्जा संसाधनों का आंकलन हेतु करना होगा ।

8.1.8 विकासकों द्वारा प्रस्तुत किये आंकड़ों के आकलन हेतु समन्वयन अभिकरण (नोडल एजेंसी) सक्षम प्राधिकारी को राष्ट्रीय पवन ऊर्जा संस्था (NIWE) तथा राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्था (NISE) को सम्मिलित करते हुए प्रस्तुत किये आंकड़ों के आकलन हेतु अनुरोध कर सकता है । यदि आंकडे गलत पाये गये तो विकासक पर नोडल एजेन्सी द्वारा निर्धारित दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

9 अनुलग्नक

9.1 अनुलग्नक -1

9.1.1 इन दिशा-निर्देशों के अधीन विभिन्न नवकरणीय ऊर्जा आधारित योजनाओं के लिये भूमि की आवश्यकता तथा उनकी क्रियाशील करने संबंधी समय सीमाएं निम्नानुसार होंगी:

नवकरणीय ऊर्जा तकनीक	अधिकतम वांछित क्षेत्रफल (हेक्टेर/ मेगावाट)	विद्युत क्रय अनुबंध (PPA) / आवंटन पत्र (LOA)/ कार्यादेश (माह) की तिथि से क्षमतावार क्रियाशील करने की समय सीमा (माह)			क्रियाशील करने की तिथि (वर्ष) से (LUPA) का कार्यकाल
		< 10 मेगावाट	> 10 तथा < 100 मेगावाट	> 100 मेगावाट	
सौर ऊर्जा	2	12	15	21	25
पवन ऊर्जा	2	12	18	21	25
विंड - सोलर हाइब्रिड	2	12	18	24	25
सौर ताप (थर्मल)	3	10	12	24	25
लघु जल विद्युत परियोजना (25 मेगावाट)	कार्यस्थल की वस्तुस्थिति	36	42	-	35
बायोमास ऊर्जा	1	18	24	30	30
ऊर्जा भण्डारण परियोजना	तकनीक तथा स्त्रोतों के अनुसार				25

9.1.2 सार्वजनिक इकाई द्वारा संचालित प्रतियोगी बोली के माध्यम से परियोजना हेतु, समय सीमा का निर्धारण निविदा प्रपत्र एवं परियोजना अनुबंध में प्रदत्त समय-सीमाओं के आधार पर किया जाएगा।

9.1.3 नोडल एजेंसी परियोजना विन्यास (Configuration) के आधार पर तथा उपरोक्त तालिका से विभिन्न नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से भूमि की आवश्यकता पर विचार करते हुए विकासक/ पार्क विकासक को शासकीय भूमि का आवंटन करेगा ।

9.1.4 नोडल एजेंसी परियोजना के विन्यास आधारित परियोजना पंजीकरण प्रमाण पत्र में तथा उपरोक्त तालिका में विभिन्न नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों हेतु क्रियाशील करने संबंधी समय सीमाओं पर विचार करते हुए समय सीमाओं को परिभाषित करेगा। पंजीकरण प्रमाण पत्र में निर्दिष्ट समय सीमा में यदि कोई परियोजना पूरी नहीं हो पाती है, तो उसका पंजीकरण स्वतः ही अमान्य हो जायेगा।

9.1.5 परियोजना की समय-सीमा में विस्तार नोडल एजेंसी द्वारा प्रकरण दर प्रकरण आधार पर प्रदान किया जा सकता है। हालांकि, परियोजना विकासकर्ता को निम्नलिखित राशि का भुगतान करना होगा।

क. पंजीकरण-सह-सुविधा शुल्क का 50%, यदि छह (6) महीने तक विस्तार की आवश्यकता है

ख. पंजीकरण-सह-सुविधा शुल्क का 100%, यदि छह (6) महीने से अधिक के विस्तार की आवश्यकता है।

9.2 अनुलग्नक-II: दस्तावेजों की सूची और आवश्यक प्रारूप

9.2.1 डेवलपर/ निवेशक को परियोजना पंजीकरण के लिए लागू होने वाले निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे:

क. दिए गए प्रारूप में आवेदन: परियोजना पंजीकरण के लिए आवेदन में निम्नलिखित दस्तावेज होने चाहिए:

- कवरिंग पत्र के लिए प्रारूप
- आवेदक/डेवलपर के विवरण के लिए प्रारूप
- साइट के तकनीकी विवरण के लिए प्रारूपमुख्तारनामा (Power of Attorney) के लिए प्रारूप
- गैर-ब्लैकलिस्टेड (Non-Blacklisting) सूची की घोषणा
- कंपनी/ फर्म के मेमोरेंडम और आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन (MoM/ AoA) की प्रमाणित प्रति या पंजीकृत सोसायटी के उप-नियमों की प्रमाणित प्रति
- निगमन प्रमाणपत्र (incorporation certificate)
- पैन कार्ड (PAN)
- जीएसटी (GST) प्रमाणपत्र
- TIN/DIN
- पार्टनरशिप डीड (Partnership Deed) की प्रमाणित प्रति
- पूर्व-व्यवहार्यता रिपोर्ट (pre feasibility)/ विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR), जैसा उपलब्ध है[1]

ख. अन्य कोई प्रारुप आवश्यकतानुसार

---

